राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 232
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 17 जूलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा के उद्योग मार्ग को बनाया जाएगा मॉडल
पेज 4 प्रयागराज में गंगा-यमुना उफनाईं, सड़क पर चिताएं जल रही
पेज 6 विराट कोहली ने रचा इतिहास, सभी फॉर्मेट में 900 रेटिंग अंक

# नाटो की भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी

## कहा- इंडियन पीएम हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा



एजेंसी

ब्रसेल्स। नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है। रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

### रूस बोला- अपनी नीतियां नहीं बदलेंगे

वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है। अमेरिका अब यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल जैसे आधुनिक हथियार देने वाला है, ताकि वह रूस के हमलों से बच सके।

### सेकेंडरी प्रतिबंध के बारे में जानिए...

सेकेंडरी प्रतिबंध उन देशों या कंपनियों पर लगाए जाते हैं जो सीधे प्रतिबंधित देश पर नहीं, लेकिन उसके साथ व्यापार करने वाले देशों या कंपनियों पर लगाए जाते हैं। इसे आसान भाषा में ऐसे समझिए कि जैसे अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगा रखा है। अगर अब भारत की कोई कंपनी ईरान से तेल खरीदती है, तो अमेरिका कह सकता है कि भारत की कंपनी ने हमारे प्रतिबंधों की अनदेखी की है, ऐसे में हम उन्हें सजा देंगे। अमेरिका, ईरान से व्यापार करने वाली कंपनी को अमेरिकी बैंकिंग सिस्टम से निकाल सकती है, जुर्माना लगा सकती है या व्यापार पर रोक लगा सकती है। इसका असर ये होता है कि सेकेंडरी प्रतिबंध के डर के कारण बहुत सी कंपनियां ऐसे देशों से व्यापार करने से बचने लगती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिगो फ्लाइट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से गोवा जा रही इंडिगो फ्लाइट नंबर 6ई 6271 की बुधवार रात 9: 53 बजे मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि फ्लाइट का इंजन हवा में ही फेल हो गया था। विमान में 191 लोग सवार थे। हालांकि, इंडिगो की तरफ से इंजन फेल होने की पुष्टि नहीं की गई है। एयरलाइन कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि दिल्ली से उड़ान भरते समय फ्लाइट में तकनीकी खराबी का पता चला। प्रोटोकॉल के तहत, विमान को डायवर्ट कर मुंबई एयरपोर्ट पर उतारा गया। इंडिगो ने कहा कि ऑपरेशन फिर से चालू करने से पहले विमान की जरूरी जांच की जाएगी।

### अदालतों में टॉयलेट की कमी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए। उचित स्वच्छता पाना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है।

# बंगालियों से भेदभाव पर ममता का पैदल मार्च

**कहा-भाजपा बंगाली बोलने वालों को परेशान कर रही**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला।
ममता ने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। अब से मैंने तय किया है कि मैं बांग्ला में ज्यादा बोलूंगी। अगर आप मुझे डिटेंशन कैंप में रखना चाहते हैं तो रखें। यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक निकाली गई। इसमें अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के कई बड़े नेता इस रैली में शामिल हुए।
कोलकाता के अलावा पार्टी ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर आने वाले हैं।

### ममता बोलीं- अब से ज्यादा से ज्यादा बांग्ला बोलूंगी

ममता ने कहा, मैं आपको (बीजेपी) चैलेंज करती हूं कि साबित कीजिए कि बांग्ला बोलने वाले प्रवासी लोग रोहिंग्या मुसलमान हैं। बंगाल के 22 लाख प्रवासी श्रमिक देश के अन्य हिस्सों में काम कर रहे हैं, उनके पास वैध पहचान दस्तावेज हैं। मैं बंगालियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करूंगी। भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी और विदेशी कहकर प्रताड़ित और जेल और डिटेंशन कैंप में भेजा जा रहा है। क्या बंगाल देश का हिस्सा नहीं है।
दूसरे राज्यों में बैठकर बंगाल के वोटर का नाम काटा जा रहा है। भाजपा ऐसा कर महाराष्ट्र में चुनाव जीती। अब बिहार में ऐसा कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा की दलाली करने का आरोप लगाया।

### लद्दाख में मिनी बस खाई में गिरी, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** लद्दाख के कारगिल जिले के गुमरी में बुधवार सुबह मिनी बस खाई में गिर गई। हादसे में 2 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अन्य 6 को हल्की चोटें आई हैं। वाहन चालक हादसे में सुरक्षित बच गया है। मिनी बस में 17 यात्री सवार थे और द्रास की ओर जा रही थी, जब अचानक रास्ते में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# राहुल बोले- असम सीएम सबसे भ्रष्ट, उनकी आंखों में डर

**जेल जाने से मोदी-शाह भी नहीं बचा पाएंगे; चुनाव आयोग सिर्फ भाजपा की सुन रहा**

**कामरूप।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी असम दौर परे हैं। बुधवार को उन्होंने कामरूप जिले के छायगांव में रैली की।
उन्होंने कहा- हिमंत बिस्वा सरमा खुद को असम का मुख्यमंत्री नहीं, राजा समझते हैं। उन्होंने कहा- हिमंत बिस्व सरमा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। किसी दिन उन्हें इसका हिसाब देना होगा। कुछ ही समय में कांग्रेस के बब्बर शेर उन्हें जेल पहुंचाएंगे।
इसका डर उनकी आंखों में साफ दिख रहा है, क्योंकि अब न मोदी और न ही शाह उन्हें बचा पाएंगे।

### राहुल बोले- भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धोखाधड़ी की



कुछ समय पहले महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हुए थे। भाजपा ने जबर्दस्त धोखाधड़ी की थी। लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच के चार महीनों में एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। हमने चुनाव आयोग से पूछा- ये लोग कहां से आए हैं, कौन हैं? हमें मतदाता सूची दिखाएं और वीडियोग्राफी उपलब्ध कराएं, लेकिन चुनाव आयोग ने हमें आज तक मतदाता सूची नहीं दी। बल्कि उसने वीडियोग्राफी से संबंधित कानून ही बदल दिया।

राहुल ने कहा कि कांग्रेस अगले साल असम में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। सांसद गौरव गोगोई की लीडरशिप में राज्य में कांग्रेस की नई टीम है, जो रिजल्ट देगी।



## हैप्पी मॉर्निंग

गर्लफ्रेंड- तुम बस काम में लगे रहते हो, मेरी तो परवाह ही नहीं करते
बॉयफ्रेंड- प्यार करने वाले किसी की परवाह नहीं करते...... अगर ट्रेन लेट हो जाए तो लड़कियां सिर्फ इंतजार, इंतजार, इंतजार करेंगी जबकि लड़के पूरा प्लेटफार्म घूम आएंगे, शायद कोई मस्त आइटम दिख जाए.......

# राजस्थान में भारी बारिश, 2 दिन में 18 लोगो की हुई मौत

## बिहार में बाढ़ के हालात, मुंगेर-गयाजी में पुल बहा; वाराणसी में 84 घाट डूबे



**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** राजस्थान में दो दिन से भारी बारिश जारी है। इससे जुड़ी घटनाओं में 18 लोगों की मौत हुई है। जयपुर, चूरू, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिले के कई निचले इलाकों में 4-5 फीट तक पानी भर गया है। बूंदी में मेज नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क कट गया है।
बिहार में तेज बारिश से बाढ़ के हालात हैं। मुंगेर और गयाजी में पुल बह गया है। औरंगाबाद में अटल बिगहा गांव में 500 घर डूब गए हैं। मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। ग्वालियर, भोपाल, इंदौर समेत 25 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई।
उत्तर प्रदेश में तेज बारिश जारी है। हाथरस में आधे घंटे में 6 इंच पानी बरसा। राज्य की ज्यादातर नदियां उफान पर हैं। प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ की स्थिति है। वाराणसी में भी गंगा उफान पर है। 84 घाट पूरी तरह से डूबे हुए हैं। ललितपुर के माताटीला बांध के 18 गेट और गोविंद सागर बांध के 8 गेट खोले गए हैं।

### 5 लोगों के हत्यारे को मिली थी मौत की सजा, सुप्रीम कोर्ट ने आजीवन कारावास में बदला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पत्नी और तीन बच्चों सहित अपने परिवार के पांच सदस्यों की हत्या के दोषी एक व्यक्ति की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कर्नाटक के बल्लारी जिले के रहने वाले बायलुरू थिप्पैया को अपने परिवार के पांच सदस्यों की बर्बर और निर्मम हत्या के लिए दोषी ठहराए जाने के फैसले को बरकरार रखा है।

# कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते



### सीडीएस बोले- विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही, स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरूरी

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध तैयारियां कमजोर करती है। सीडीएस ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। सीडीएस ने ये बातें दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में अनमैंड एरियल व्हीकल) और सी-यूएएस (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) की प्रदर्शनी में कहीं।



## शायरी

बुलंदी देर तक किस शख़्स के हिस्से में रहती है
बहुत ऊँची इमारत हर घड़ी खतरे में रहती है

# पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में सैनिक अरेस्ट



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में एक भारतीय सैन्यकर्मी को गिरफ्तार किया है।
आरोपी की पहचान देविंदर सिंह, निवासी गांव निहालगढ़, शादीहारी, जिला संगरूर के रूप में हुई है। उसे उरी, जिला बारामूला, जम्मू और कश्मीर से गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी पहले काबू किए गए पूर्व फौजी गुरप्रीत सिंह उर्फ फौजी से पूछताछ के आधार पर की गई। वह सेना से जुड़ी गुप्त जानकारियां आईएसआई से जुड़े लोगों को देता था। डीजीपी पंजाब गौरव यादव का कहना है कि पंजाब पुलिस किसी काफी सख्ती से हर चीज पर नजर रखे हुए हैं। किसी को भी कानून तोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### दिल्ली के 5 स्कूलों में बम की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को लगातार तीसरे दिन ईमेल के जरिए स्कूलों को बम की धमकी दी गई है। धमकी मिलते ही सभी स्कूलों को एहतियातन खाली करा लिया गया। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। फिलहाल अब तक किसी भी स्थान से कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, हालांकि, जांच अभी जारी है। जिन स्कूलों को ईमेल मिला उनमें सेंट थॉमस स्कूल (द्वारका), वसंत वैली स्कूल (वसंत कुंज), मदर्स इंटरनेशनल स्कूल (हौज खास), रिचमंड ग्लोबल स्कूल (पश्चिम विहार) और सरदार पटेल विद्यालय (लोदी एस्टेट) शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफन्स कॉलेज को भी धमकी भरा मेल भेजा गया।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,634.48
+63.57 (0.077%)
निफ्टी:
25,212.05
+16.25

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 36
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 24

# सुरक्षा बलों ने 30 करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं ज़ब्त की

**अगरतला।** अधिकारियों ने बताया कि असम राइफल्स ने त्रिपुरा पुलिस के साथ मिलकर बुधवार को 30 करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएँ ज़ब्त कीं।
एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि नियमित जाँच के दौरान, असम राइफल्स के जवानों और त्रिपुरा पुलिस के जवानों ने पश्चिमी त्रिपुरा के खैरपुर में एक ट्रक को रोका और बाद में तलाशी के दौरान वाहन से तीन लाख अत्यधिक नशीली प्रतिबंधित मेथाम्फेटामाइन गोलियाँ बरामद की गईं।
मेथाम्फेटामाइन गोलियों, जिन्हें याबा या पार्टी टैबलेट भी कहा जाता है, की अनुमानित कीमत 30 करोड़ रुपये है। ट्रक की तलाशी के दौरान चालक भागने में सफल रहा। बरामद नशीले पदार्थों को आगे की जाँच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों को सौंप दिया गया है।
एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह बरामदगी नशा मुक्त त्रिपुरा और नशा मुक्त पूर्वोत्तर के लिए असम राइफल्स की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।
पुलिस को संदेह है कि मेथामफेटामाइन की गोलियाँ, जो एक प्रकार का नशा है जो लोगों को जागते रहने और कम नींद के साथ लगातार सक्रिय रहने में मदद करता है, म्यांमार से मिज़ोरम और दक्षिणी असम के रास्ते तस्करी करके त्रिपुरा में लाई गई थीं और बांग्लादेश भेजी गईं।

**निष्क्रिय आधार कार्ड**


**माईआधार पोर्टल पर एक नई सेवा परिवार के सदस्य की मृत्यु की सूचना शुरू की हैं**

# एक झटके में बंद हो गए 1 करोड़ से ज्यादा आधार कार्ड




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि आधार डेटाबेस की निरंतर सटीकता बनाए रखने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने विभिन्न स्त्रोतों से मृत्यु रिकॉर्ड प्राप्त करने और उचित सत्यापन के बाद आधार नंबर निष्क्रिय करने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं।
हाल ही में यूआईडीएआई ने भारत के महापंजीयक से आधार नंबरों से जुड़े मृत्यु रिकॉर्ड साझा करने का अनुरोध किया था।
महापंजीयक ने अब तक 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) के माध्यम से लगभग 1.55 करोड़ मृत्यु रिकॉर्ड प्रदान किए हैं। उचित सत्यापन के बाद करीब 1.17 करोड़ आधार नंबरों को निष्क्रिय कर दिया गया है। गौरतलब है कि यूआईडीएआई ने 9 जून, 2025 को माईआधार पोर्टल पर एक नई सेवा परिवार के सदस्य की मृत्यु की सूचना शुरू की है जो वर्तमान में 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने परिवार के मृत सदस्य की मृत्यु रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे स्वयं को प्रमाणित करना होगा और मृत व्यक्ति का आधार नंबर, मृत्यु पंजीकरण संख्या और अन्य विवरण दर्ज करने होंगे। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृत व्यक्ति का आधार नंबर निष्क्रिय करने की कार्रवाई की जाती है।
शेष राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को इस पोर्टल से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, यूआईडीएआई बैंकों और अन्य आधार पारिस्थितिकी तंत्र संस्थाओं से भी मृत्यु संबंधी जानकारी प्राप्त करने की संभावनाओं को तलाश रहा है, ताकि मृतक के आधार नंबर को समय रहते निष्क्रिय किया जा सके।
मंत्रालय के अनुसार, यूआईडीएआई मृतक आधार संख्या धारकों की पहचान करने में राज्य सरकारों की सहायता भी ले रहा है। एक पायलट परियोजना के तहत 100 वर्ष से अधिक आयु वाले आधार धारकों का डेमोग्राफिक डाटा राज्यों को भेजा जा रहा है ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि आधार धारक जीवित हैं या नहीं।
ऐसी सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने पर ऐसे आधार नंबर को निष्क्रिय करने से पहले आवश्यक सत्यापन किया जाएगा।

# संपादकीय



## लोकतंत्र का मजाक : जो मन में है, वह खुलकर कहें या नहीं?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

लोकतंत्र, जिसे हम जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन कहते हैं, एक ऐसी व्यवस्था है जो स्वतंत्रता, समानता और अभिव्यक्ति की आजादी का वादा करती है। लेकिन क्या वाकई में हमारा लोकतंत्र उस आदर्श को जीवित रख पा रहा है, जिसके लिए इसे बनाया गया था? आज के दौर में, जब कोई व्यक्ति अपने मन की बात खुलकर कहना चाहता है, तो उसे कई तरह के डर और दबावों का सामना करना पड़ता है। सवाल यह है कि क्या लोकतंत्र में अपनी बात कहने की आजादी वास्तव में आजादी है, या यह सिर्फ एक भ्रम बनकर रह गया है?

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता- हकीकत या भ्रम?

भारत का संविधान, अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत, हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। यह अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। लेकिन इस स्वतंत्रता पर कई तरह की पाबंदियां भी हैं। सामाजिक दबाव, राजनीतिक दबाव, और कानूनी बाधाएं ऐसी हैं कि कई बार लोग अपनी बात कहने से पहले सौ बार सोचते हैं।

सोशल मीडिया के इस युग में, जहां हर व्यक्ति अपनी राय रख सकता है, ट्रोलिंग, धमकियां, और कानूनी कार्रवाइयों का डर आम बात हो गई है। क्या यह लोकतंत्र की सच्चाई है, जहां बोलने की आजादी के साथ डर का साया भी जुड़ा है?

उदाहरण के लिए, अगर कोई व्यक्ति सरकार की नीतियों की आलोचना करता है, तो उसे देशद्रोही या अराजक तत्व का लेबल दे दिया जाता है। अगर कोई सामाजिक मुद्दों पर बोलता है, तो उसे धार्मिक या जातिगत भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लग सकता है। ऐसे में क्या यह कहा जा सकता है कि हम वाकई में अपने मन की बात खुलकर कह सकते हैं?

### सामाजिक और राजनीतिक दबाव

लोकतंत्र में जनता की आवाज सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन आज के समय में यह आवाज कई बार दबा दी जाती है। राजनीतिक दल, जो लोकतंत्र के स्तंभ होने चाहिए, कई बार अपनी आलोचना को बर्दाश्त नहीं करते। वे सोशल मीडिया पर अपने समर्थकों के जरिए आलोचकों को चुप कराने की कोशिश करते हैं।

इसके अलावा, समाज में भीड़तंत्र का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। अगर कोई व्यक्ति किसी संवेदनशील मुद्दे पर अपनी राय रखता है, तो उसे न केवल ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है, बल्कि कई बार उसकी जान को भी खतरा हो सकता है।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हमारा लोकतंत्र वाकई में सभी को समान अवसर देता है? क्या यह सिर्फ कुछ लोगों के लिए ही आजादी का प्रतीक है, जबकि बाकी लोग डर के साए में जीने को मजबूर हैं?

### कानूनी पेंच और चुनौतियां

कानून, जो समाज को व्यवस्थित करने का काम करता है, कई बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने का हथियार बन जाता है। भारत में कई ऐसे कानून हैं, जैसे कि मानहानि, राजद्रोह (हालांकि इसे हाल में खत्म किया गया है), और साइबर कानून, जिनका दुरुपयोग कई बार लोगों को चुप कराने के लिए किया जाता है। पत्रकार, लेखक, और सामाजिक कार्यकर्ता अक्सर इन कानूनों के दायरे में फंस जाते हैं, जब वे सत्ता या समाज के खिलाफ बोलने की कोशिश करते हैं।

### क्या है समाधान?

लोकतंत्र का मजाक तब तक बनता रहेगा, जब तक हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को वास्तव में सम्मान नहीं देंगे। इसके लिए कुछ जरूरी कदम उठाए जा सकते हैं।

सबसे पहले, कानूनों का दुरुपयोग रोकने के लिए सख्त दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए। दूसरा, समाज में सहिष्णुता और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। तीसरा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ट्रोलिंग और धमकियों पर सख्त कार्रवाई करनी होगी।

इसके साथ ही, हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था में यह सिखाना होगा कि असहमति लोकतंत्र का हिस्सा है, न कि उसका दुश्मन। जब तक हम असहमति को स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक हमारा लोकतंत्र अधूरा ही रहेगा।

### निष्कर्ष

लोकतंत्र का असली मतलब है कि हर व्यक्ति को बिना डर के अपनी बात कहने का हक हो। लेकिन आज के समय में यह हक कई बार सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाता है। अगर हम वाकई में अपने लोकतंत्र को मजबूत करना चाहते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर व्यक्ति अपने मन की बात खुलकर कह सके, बिना किसी डर या दबाव के। जब तक यह संभव नहीं होगा, तब तक हमारा लोकतंत्र एक मजाक ही बना रहेगा।

## ग़ज़ल : सच की स्याही

**जितेन्द्र चौधरी**

सच की स्याही से लिख दी बग़ावत,
अब दरबारों में मेरा चर्चा बहुत है।

झुकी नहीं कलम मेरी सत्ता के आगे,
इसलिए काग़ज़ों में सन्नाटा बहुत है।

हक़ की हर बात खलती है राजाओं को,
क्योंकि वादों का ही बाज़ार चलता बहुत है।

जो बिक गए, अब वही उस्ताद हो गए,
ईमान वालों की यहाँ औक़ात बहुत कम है।

मैंने पूछा जब इंसाफ़ का मतलब,
वो बोले — 'तेरे सवालात बहुत हैं।'

जो 'लोकतंत्र' की तस्वीर बनी है अब,
उसमें जनता तो है, मगर हक़ बहुत कम है।

## रील में बिकती औरतें — बाज़ार और आज़ादी के बीच की लड़ाई



प्रियंका सौरभ

विशेष लेखिका, डिजिटल संस्कृति और नारी विमर्श पर स्वतंत्र दृष्टिकोण

जब शरीर बिकता है, तो सिर झुकता है — और जब सोच बिकती है, तो समाज मरता है।

आज सोशल मीडिया के युग में हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहाँ औरतें 'वायरल' होने की दौड़ में अपनी अस्मिता, गरिमा और सोच को पीछे छोड़ रही हैं। इंस्टाग्राम, यूट्यूब और शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म्स पर हर तीसरी रील एक ही पैटर्न पर बन रही है — कैमरा कमर पर ज़ूम करता है, हाव-भाव उत्तेजक होते हैं, और कैप्शन में लिखा होता है : "Classy, Bold, Sexy."

यह सिर्फ एक दृश्य नहीं है — यह एक वैचारिक संकट है।

स्त्रियाँ इतिहास में जब-जब घूंघट हटाकर आगे बढ़ीं, उन्होंने झांसी की रानी, सावित्रीबाई फुले और कल्पना चावला बनकर समाज को रास्ता दिखाया। लेकिन आज, डिजिटल स्वतंत्रता के नाम पर स्त्री का चित्रण फिर वहीं पहुँच गया है — जहाँ उसकी देह 'उत्पाद' है और उसकी पहचान 'क्लिकबेट'।

### आज़ादी या बाज़ारवाद की गुलामी?

हम कह रहे हैं — 'ये स्त्री की आज़ादी है, वह जो चाहे, पहन सकती है, कर सकती है।' सही है, पर सवाल यह है कि ये 'चाहना' कहाँ से आ रही है? क्या यह भीतरी आत्मनिर्भरता से उपजी अभिव्यक्ति है?

या यह डिजिटल बाज़ार की वह चाल है जिसमें औरत की आज़ादी को शॉर्ट्स और शेक में बदल दिया गया है?

जब एक युवा लड़की यह देखती है कि जितना शरीर दिखाया जाए, उतने लाइक बढ़ते हैं — तो वह 'टैलेंट' नहीं, 'ट्रेंड' के पीछे भागती है। और यह दौड़ उसे उसी खाई में ले जाती है जहाँ एक स्त्री सिर्फ एक दृश्य वस्तु बनकर रह जाती है — जो 'देखी' जाती है, पर 'सुनी' नहीं जाती।

### आज सोच की रीलें कहां हैं?

रील बनाना कोई बुरा कार्य नहीं — लेकिन सवाल है कि उसमें क्या परोसा जा रहा है?

- कितनी रीलें हैं जो लड़कियों के आत्मनिर्भर बनने की बात करती हैं?
- कितनी रीलें हैं जो महिला शिक्षा, करियर, विचार या संघर्ष दिखाती हैं?

बहनें, यह याद रखो — समाज तुम्हारे शरीर से पहले तुम्हारी सोच को पहचानता है। अगर तुम खुद को देह के प्रदर्शन से बाँध लोगी, तो आने वाली पीढ़ियाँ भी उसी जंजीर में पलेगी।

### पुरुषों की भूमिका — लाइक से लेकर लाइंस तक

यह दोष अकेले स्त्रियों का नहीं है। जिन पुरुषों ने स्त्रियों को वस्तु बनाकर देखा, वही अब डिजिटल माध्यमों पर उसे ट्रेंडिंग बना रहे हैं।

- वही पुरुष अश्लील वीडियो पर मिलियन व्यूज देते हैं,
- फिर वही 'स्त्री की गरिमा बचाओ' जैसे कमेंट्स में नैतिकता पेलते हैं।

यह दोगलापन डिजिटल समाज का सबसे घिनौना आईना है।

अगर अश्लीलता गलत है, तो उसे देखना भी उतना ही अपराध है।

अगर बदलाव चाहिए, तो स्क्रीन के दोनों तरफ नज़र और नीयत को बदलना होगा।

### क्या करें? समाधान क्या है?

1. स्त्रियाँ अपना कंटेंट खुद से चुनें — खुद के लिए, समाज के लिए, प्रेरणा के लिए।
2. पुरुष वर्ग अपनी लाइक की ताक़त को सकारात्मक रचनात्मकता को बढ़ाने में लगाए।
3. पेरेंट्स, स्कूल और प्लेटफॉर्म मिलकर यह तय करें कि बच्चों को क्या दिखे।
4. सरकार और प्लेटफॉर्म्स को यह तय करना होगा कि डिजिटल आज़ादी, सामाजिक जिम्मेदारी के साथ चले।

### नवजागरण की जरूरत है — डिजिटल और वैचारिक दोनों

रील एक माध्यम है — तुम उसमें सोच भी दिखा सकती हो, संघर्ष भी, सुंदरता भी और संकल्प भी।

जो लड़कियाँ आज डिजिटल कोठे पर बैठीं हैं, उन्हें यह समझना होगा कि स्त्री का सौंदर्य उसकी आंखों में, उसकी आवाज़ में, उसकी कलम में और उसके विचारों में होता है — न कि सिर्फ उसके 'फ्रेम' में।

'सुनो बहनों, समय बदल रहा है,
अब शरीर नहीं, सोच दिखाने का ज़माना है।
रील बनाओ, लेकिन ऐसी जो दिल छू जाए,
न कि ऐसी जिसमें अंग दिखे और आत्मा छुप जाए।'

यह लड़ाई सिर्फ एक पोस्ट या रील से नहीं जीती जाएगी — यह एक जनचेतना है।

आज ज़रूरत है एक ऐसी डिजिटल क्रांति की, जिसमें स्त्री फिर से 'देवी' नहीं, 'विचार' बनकर खड़ी हो।

प्रियंका सौरभ

'मैं नहीं चाहती कि मेरी बहनें कैमरे की भूख में खुद को बेचें —
मैं चाहती हूँ कि वे अपने विवेक से समाज को बदलें।'

## ज्ञान विज्ञान और अनवरत श्रम विकसित राष्ट्र की बुनियाद

वैश्विक परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता, संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती हैद्य इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है।

किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति, शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है।शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति, संस्कार उसे समुर्द्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा, सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरुआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है।

आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है, और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है। माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए।


अधिकांश भारतीयों ने जो अनुसंधान या नई खोजें की हैं, वह सब विदेशों में जाकर ही वहीं की सुविधाएं प्राप्त कर, परिणाम दे सके हैं। भारत में गणित, विज्ञान तकनीकी संचार, इंजीनियरिंग, मीडिया रिसर्च की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। यह अत्यंत विचार योग्य है कि हम अपने युवा देश के युवा साथियों को उत्कृष्ट मंच अनुसंधान अथवा साहित्य, संस्कृति, विज्ञान तथा अन्य क्षेत्रों में नहीं दे पा रहे हैं।

प्रतिभा पलायन की दरों में वृद्धि को रोककर हमें अपने बच्चों को बाल्यकाल से उनकी विचारधारा तथा रूचि के अनुसार समस्त सुविधाएं प्रदान कर नई चीजों के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर उन्हें साधन संपन्न बनाना चाहिए। हमारी शिक्षा नीति हमारे अभिभावक, समाज और सरकार को चाहिए कि बचपन से सृजन क्षमता को आगे बढ़ाकर जिंदगी के बहुत से पाठ स्वयं सीख कर उनके उत्तर तलाशने में उन्हें सक्षम बनाएं। यह एक प्रकार का मनोविज्ञान भी है। यह मनोविज्ञान माता, पिता, भाई, बहन एवं बालक को समझ में आए ऐसा उनके बाल काल से ही व्यवहार के रूप में समझाना होगा, तब जाकर वह छोटा बालक एक विचार वान देश और समाज के उपयोगी नौजवान बन पाएगा।

दार्शनिक रूसो ने भी कहा है कि मनुष्य स्वतंत्र जन्म लेता परंतु सामाजिक बंधनों द्वारा जकड़ लिया जाता है जरूरी है कि बालकों बालिकाओं के बाल काल से ही बंधनों से स्वतंत्र रखा जाए अतिवादीता तथा रूढ़िवादिता से परे उन्हें स्वतंत्र विचार करने की मौलिकता तथा क्षमता को विकसित होने की प्रक्रिया में अनुसरण करने का मौका दिया जाए। इससे हम जिस लोक में जी रहे हैं उस समाज को नए रूप में वक्त के साथ बदला जा सके।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3592




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3591 का हल



## हंसी के फूव्वारें

रामू के घर से चिट्ठी आयी.

राजी-खुशी के समाचार के बाद लिखा था कि उसकी घरवाली ने लड़के को जन्म दिया है. इसी खुशी में रामू ने सबको मिठाई बांटी. फिर अगले दिन जब वह सामान बांधने लगा तो उसके मित्र ने पूछा- ''रामू घर जा रहे हो?''

''हां!''

फिर उदास होता हुआ बोला-''दो वर्ष हो गये घर की शक्ल देखे! अब सोचा कि कुछ दिन के लिए हो ही आऊं.''

□ □ □

टेलीफोन रखकर डाक्टर ने झपटकर अपना थैला उठाया और हड़बड़ाकर बाहर जाने लगा. डाक्टर की जवान बेटी अन्दर आ रही थी. उसने पिता को हड़बड़ी में देखकर पूछा-''इतनी जल्दी आप कहां जा रहे हैं, पिताजी?''

''एक टेलीफोन आया था!'' डाक्टर बोला -''इमरजेंसी कॉल है शायद! एक आदमी कह रहा था-'मैं मरा जा रहा हूं, आप यहां फौरन आ जाएँ'.''

इस पर डाक्टर की बेटी ने शरमाकर कहा-''तब वह आपका नहीं, मेरा टेलीफोन रहा होगा, पिताजी!''

□ □ □

जज -'मुजरिम, तुमने झूठ बोलने की कोशिश की है.'

मुजरिम -'माई-बाप, वकील के होते मुझे क्या जरूरत पड़ी है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3592



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्न की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3591



## सूडोकु -3592


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3591 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्द पहेली - 3592



**बाएँ से दाएँ**

1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली - 3591 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 17 जुलाई 2025
Www.vishalindia.in

# नोएडा के उद्योग मार्ग को बनाया जाएगा मॉडल

## टेंडर के बाद कंपनी से रेट पर नहीं बन पा रही सहमति, दोबारा से जारी हो सकता है टेंडर

नोएडा। उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने का काम शुरू होने से पहले ही फिर अटक गया है। जिस एजेंसी का टेंडर प्रक्रिया के तहत चयन किया गया था, उसमें अब रेट को लेकर प्राधिकरण से सहमति नहीं बन पा रही है। हालांकि कंपनी और प्राधिकरण के बीच बातचीत जारी है। सहमति नहीं बनती है तो एक बार फिर से टेंडर प्रक्रिया होगी। इसके बाद ही कंपनी का चयन किया जाएगा।

सेक्टर-1 गोलचक्कर से सेक्टर-11 झुंडपुरा तिराहे तक उद्योग मार्ग का हिस्सा आता है। इसी उद्योग मार्ग से सेक्टर-6 नोएडा प्राधिकरण दफ्तर के लिए रास्ता जाता है। प्राधिकरण में समय-समय पर निवेशक व नामचीन लोग आते रहते हैं। इस रास्ते पर जगह-जगह औद्योगिक कंपनियां, कारों के शोरूम व अन्य चीजें हैं। ऐसे में यहां हर समय जाम लगा रहता है। सड़क की चौड़ाई कम होने की वजह से अन्य दिक्कतें भी आती हैं। ऐसे में इस सड़क को मॉडल रोड बनाने का निर्णय करीब एक साल पहले नोएडा प्राधिकरण ने लिया था।




इसके लिए पिछले साल टेंडर जारी किए गए थे। तीन-चार बार टेंडर जारी करने के बाद भी किसी एजेंसी का चयन नहीं हो सका था। करीब छह महीने पहले एक एजेंसी को चयनित कर लिया गया। उससे सहमति नहीं बनी थी। अब दोबारा से दूसरी कंपनी टेंडर के जरिए आई लेकिन उससे भी सहमति नहीं बन पा रही है। प्राधिकरण के मुताबिक उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की परियोजना पर करीब 49 करोड़ रुपए खर्च किए जाने तय किए गए थे।

### सीबीआई से मिल चुकी अनुमति

करीब 15 साल पहले उद्योग मार्ग पर बिजली केबिल लाइन डालने को लेकर घपला हुआ था। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। ऐसे में उद्योग मार्ग पर कोई भी काम करने के लिए सीबीआई की अनुमति जरूरी थी।

इसके लिए प्राधिकरण ने सीबीआई को पत्र लिखा था। करीब तीन-चार महीने का समय सीबीआई के जवाब आने में लग गया। सीबीआई ने सेक्टर-2 स्थित मंदिर के सामने सावधानीपूर्वक काम करने के निर्देश दिए थे। बाकी हिस्से में कोई दिक्कत नहीं थी।

## शार्ट न्यूज

### ग्राम सभा की जमीन की अवैध बिक्री

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में ग्राम सभा की करोड़ों रुपए की जमीन की अवैध बिक्री का मामला सामने आया है। इस्माईलपुर उर्फ भोयरा गांव में एक व्यक्ति ने फर्जी कागजातों के आधार पर ग्राम सभा की जमीन को कई लोगों को बेच दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीण ललित कुमार ने प्रयागराज हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की। याचिका में बताया गया कि गांव के गाटा संख्या 84, 85, 87 और 88 में दर्ज बंजर भूमि और नवीन परती ग्राम समाज की संपत्ति है। हाईकोर्ट के आदेश पर जेवर तहसीलदार ने राजस्व टीम से जांच कराई। जांच में पाया गया कि ग्रामीण राजेश कुमार ने गाटा संख्या 85 की जमीन को फर्जी दस्तावेजों के जरिए कई लोगों को प्लॉट के रूप में बेच दिया। बुधवार शाम को गांव के लेखपाल भारतपाल ने विक्रेता राजेश कुमार और खरीदारों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। खरीदारों में धर्मपाल, तारावती, महादेवी, कश्मीरी, राजकुमार, सुरेश, अमरावती, जितेंद्र और सुनील शामिल हैं।

### बिना नंबर प्लेट की कार ने किया खतरनाक स्टंट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक बलेनो कार का मामला सामने आया है। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के जीएनओआईटी कॉलेज के पास काली फिल्म लगी और बिना नंबर प्लेट की बलेनो कार से कुछ युवकों ने खतरनाक स्टंट किए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि कार सवार बेखौफ होकर सड़कों पर स्टंट कर रहे हैं। इस दौरान कॉलेज के छात्र और आसपास के लोग डरे-सहमे नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां क्षेत्र में आम हो गई हैं। काली फिल्म लगी और बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां खुलेआम सड़कों पर घूम रही हैं। यह स्थिति पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण और सिचाई विभाग की संयुक्त टीम ने हिंडन पुश्ता के पर बने अवैध निर्माण को हटाया। ये निर्माण पुश्ता के 15 मीटर अंदर किया गया था। यहां अधिकांश पक्का निर्माण किया गया था। जिसे जेसीबी की मदद से हटाया गया। इस दौरान दोनों विभागों के करीब 50 कर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। अवैध निर्माण हटाने के दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया। पुलिस ने उनको समझकर शांत कराया। प्राधिकरण वर्क सर्किल 6 एवं सिचाई विभाग की टीम ने हिंडन के डूब क्षेत्र के खसरा नंबर 941,931,940,935,934,933 पुस्ता मार्ग पर अवैध निर्माण हटाया गया। यहां करीब 2000 वर्गमीटर से ज्यादा की जमीन पर निर्माण किया गया था। इसके अलावा पक्का निर्माण चल रहा था। जिसे रोका गया। वहीं फार्म हाउस में कच्चे निर्माण के अलावा बनाए गए फर्श को तोड़ा गया। चेतावनी दी गई दोबारा इस तरह का पक्का निर्माण नहीं होना चाहिए। बता दे डूब क्षेत्र प्राधिकरण की निगरानी क्षेत्र में आता है।

### ग्रेटर नोएडा में कार-बाइक की टक्कर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अजनारा गोलचक्कर के पास कार और बाइक की टक्कर में नोएडा प्राधिकरण के सुपरवाइजर हरीश बरमन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार को हुई, जब हरीश बरमन बाइक से दनकौर क्षेत्र में काम से आए थे। टक्कर के बाद कार चालक घायल हरीश को दनकौर कस्बे के एक निजी अस्पताल ले गया। हालत नाजुक होने पर उन्हें ग्रेटर नोएडा रेफर किया गया। मंगलवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार को मृतक की पत्नी प्रिया ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कराया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि कार के नंबर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी करेगी।

### महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया

**नोएडा।** कमिश्नरेट के विभिन्न थानाक्षेत्र में महिला बीट अधिकारियों द्वारा स्थानीय महिलाओं को महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा के संबंध में बुधवार को जागरूक किया गया। डीसीपी व एडीसीपी महिला सुरक्षा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा टीम द्वारा अलग अलग गांवों, सोसाइटियों, स्कूलों, कॉलेजों, लेबर कॉलोनियों, कंपनियों और बाजारों में महिलाओं एवं बच्चियों को एकत्र करते हुए उनसे वार्ता की गई व सभी को महिला सशक्तिकरण अभियान, उनके प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी की गई। इसके अलावा शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति, शुभ मंगल योजना, साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया।

ग्रेटर नोएडा में जल-सीवर व्यवस्था को लेकर बड़ी पहल

# वन सिटी वन ऑपरेटर के लिए आरएफपी जल्द, स्मार्ट वाटर मीटर भी लगेंगे

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जल-सीवर व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने जल-सीवर विभाग की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।




वन सिटी वन ऑपरेटर योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति और रखरखाव के लिए एक एजेंसी नियुक्त की जाएगी। एसीईओ ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

स्मार्ट वाटर मीटर परियोजना को भी गति दी जा रही है। पहले चरण में 10 प्रतिशत कनेक्शन पर वाटर मीटर लगाए जाएंगे। इससे जल की बर्बादी रुकेगी और आपूर्ति बेहतर होगी। एसीईओ ने जल की गुणवत्ता की नियमित जांच का भी निर्देश दिया है।

सीवर विभाग को शिकायतों के त्वरित निवारण के निर्देश दिए गए हैं। एनटीपीसी को सीवरेज के शोधित पानी की आपूर्ति की परियोजना को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इसके लिए एनटीपीसी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। बैठक में महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार गौतम, विनोद कुमार शर्मा, प्रभात शंकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सोसाइटी की लिफ्ट में झगड़ा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित मिग्सन व्यंन सोसाइटी ईटा टू सेक्टर में एक विवाद ने तूल पकड़ लिया। सोसाइटी की लिफ्ट में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। सभी शराब के नशे में धुत थे। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने लगे। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे लोग आपस में भिड़ गए और लिफ्ट में ही एक-दूसरे की पिटाई करने लगे। पुलिस को मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। अधिकारी वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रहे हैं। वही इस मसले पर पुलिस का कहना है कि जिन लोगों में झगड़ा हुआ वह सभी स्टूडेंट है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर एंबुलेंस हादसा

## कंटेनर से टक्कर में ड्राइवर और हेल्पर की मौत, आरोपी चालक फरार




**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक प्राइवेट अस्पताल की एंबुलेंस की कंटेनर से टक्कर हो गई। हादसे में एंबुलेंस ड्राइवर कमलदीप और हेल्पर जितेंद्र की मौत हो गई।

घटना सोमवार शाम को चपरगढ़ अंडरपास के पास हुई। एंबुलेंस पटना से पंजाब लौट रही थी। आरोप है कि आगे चल रहे ओवरलोड कंटेनर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे से एंबुलेंस कंटेनर से टकरा गई। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस और यमुना एक्सप्रेसवे कर्मियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार को इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतक कमलदीप और जितेंद्र पंजाब के होशियारपुर जिले के रहने वाले थे। वे रविवार को एक मरीज को पटना छोड़ने गए थे। मृतक हेल्पर जितेंद्र के जीजा गुरविंदर ने कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पुलिस मुठभेड में गोली लगने से बदमाश घायल

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** थाना ईकोटेक तृतीय पुलिस और बाइक सवार बदमाश के बीच चौगानपुर गोलचक्कर पर चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, उसे इलाज़ के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दे कि मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल हुए बदमाश की पहचान मोहित उर्फ लगड़ा पुत्र कल्लू के रूप हुई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि थाना ईकोटेक तृतीय पुलिस चौगानपुर गोलचक्कर के पास चैकिंग कर रही थी तभी सामने से मोटर साइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे रूकने का इशारा किया गया लेकिन वह नहीं रूका बल्कि मोटर साइकिल मोडकर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने उसका पीछा कर घेर लिया। अपने आप का घिरता देख बाइक सवार बदमाश ने पुलिस टीम फायर कर भागने का प्रयास किया, पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बदमाश गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। सेंट्रल नोएडा की डीसीपी ने बताया कि मोहित उर्फ लगड़ा पुत्र कल्लू शातिर किस्म अपराधी है उसके ऊपर अलग-अलग स्थान में 16 मुकदमे दर्ज है।

### नोएडा एक्सप्रेसवे पर हादसा : 40 फीट नीचे गिरी कार

**नोएडा।** नोएडा में मंगलवार शाम को सेक्टर 39 कोतवाली क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ। ग्रेटर नोएडा से नोएडा की तरफ जा रही एक कार हाजीपुर अंडरपास के पास एक्सप्रेसवे से करीब 40 फीट नीचे गिर गई। हादसे में कार चालक के साथ नीचे से गुजर रहे दो बाइक सवार भी घायल हो गए। तीनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हटाया। हादसे के कारण लगे जाम को भी दूर किया गया। पुलिस के अनुसार अभी तक इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

# कचरा डंप करने के मामले में जांच शुरू

## सामाजिक संस्था को नोटिस, करीब 38 हजार मीट्रिक टन कचरा किया गया है डंप

**नोएडा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) का उल्लंघन कर 38 हजार मीट्रिक टन दिल्ली का कचरा नोएडा सेक्टर-89 में डंप करने के मामले में प्राधिकरण सख्त हो गया है। बुधवार को सामाजिक संस्था गाइडेड फार्च्यून को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर नोएडा के अंदर कचरा कैसे आया, क्यों न आपका एग्रीमेंट समाप्त करने की कार्रवाई कर दी जाए। जबकि आपकी जिम्मेदारी है कि शहर में कही का कचरा भी नहीं आना चाहिए, उसका निपटारा वैज्ञानिक पद्धति कराने की मानिटरिंग की जाए। जीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह ने




बताया कि दिल्ली का कचरा डंप कराने की जांच में तमाम लोग दोषी पाए गए है, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। सामाजिक संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। अब तक सात हाइवा थाने पर सीज खड़े है। जबकि चार हाइवा खड़ा कर ड्राइवर मौके से फरार है। विभागीय अधिकारियों ने सेक्टर सुपरवाइजर, जेई को बर्खास्त करने की कार्रवाई के दायरे में लाकर खड़ा किया है, क्योंकि जन स्वास्थ्य विभाग में प्रत्येक सेक्टर में साफ सफाई की देखरेख के लिए सुपरवाइजर-जेई की तैनाती की गई।

# श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, नोएडा सेक्टर 130 शाखा के छात्रों का एक सशक्त कदम — ग्रीन इंडिया मिशन की ओर

## पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है

श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, नोएडा सेक्टर 130 शाखा के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणात्मक पहल करते हुए ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने समाज को यह संदेश दिया कि वृक्षारोपण ही जीवन की सुरक्षा का मूल है। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि श्री विकास जतन प्रधान की उपस्थिति रही, जिनकी प्रेरक बातों ने छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और उत्तरदायित्व की भावना को और प्रबल किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ईश्रक, कार्यकारी निदेशक श्री सनम सर, ज़ोनल डीन श्री सुरेश सर, प्रशासनिक अधिकारी श्री सचिन सर,



तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और बच्चों को पर्यावरण की महत्ता समझाई।

वृक्ष धरती को जीवन देते हैं। जैसे भोजन और जल जीवन के लिए आवश्यक हैं, वैसे ही पेड़ पृथ्वी के संतुलन के लिए अनिवार्य हैं। — यह संदेश सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया। रैली के उपरांत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पौधे लगाए और उन्हें संरक्षित रखने की शपथ ली। छात्रों ने अपने साथ पौधे लाकर यह प्रमाणित किया कि वे पर्यावरण के प्रति सजग और जिम्मेदार नागरिक हैं। यदि शिक्षा राष्ट्र की प्रगति का आधार है, तो वृक्ष धरती



माँ के आभूषण हैं। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत आयोजित यह अभियान न केवल विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी को जागृत करने वाला रहा, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश बन गया।

### एम्स पैरामेडिकल परीक्षा के दौरान 'मुन्नाभाई' गिरफ्तार

**नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज में एम्स पैरामेडिकल की परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक मिलान न होने पर पहले एक आरोपी को पकड़ा गया था। एम्स पर्यवेक्षक की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को एक कॉलेज में एम्स पैरामेडिकल की लिखित परीक्षा थी। इस दौरान एम्स पर्यवेक्षक ने बायोमेट्रिक मिलान नहीं होने पर राजस्थान के रहने वाले आरोपी मनीष गोस्वामी को रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस पूछताछ में पता चला कि मनीष गोस्वामी राजस्थान के रहने वाले नितेश नाम के एक अभ्यर्थी की परीक्षा देने पहुंचा था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मनीष गोस्वामी और एक दलाल प्रशांत को गिरफ्तार किया। इस मामले में अभ्यर्थी नितेश के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नोएडा में ऑटो चालकों की मांगों पर सकारात्मक वार्ता, प्रशासन ने दिया आश्वासन

विशाल इंडिया संवाददाता

नोएडा। आज नोएडा के सेक्टर 14 स्थित कंट्रोल रूम में डीसीपी ट्रैफिक लाखन सिंह यादव, एसीपी ट्रैफिक राजीव कुमार गुप्ता, एसीपी ट्रैफिक प्रवीण रंजन, ट्रैफिक व परिवहन विभाग के एआरटीओ सियाराम वर्मा (प्रशासन), और एआरटीओ उदित नारायण पांडे (प्रवर्तन विभाग) ने भारतीय किसान यूनियन भानु और गौतम बुद्ध नगर ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ ऑटो चालकों की 8 सूत्रीय मांगों पर विस्तृत चर्चा की।

वार्ता में सभी मांगों को जायज मानते हुए अधिकारियों ने ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। अवैध रूप से चल रही 20,000 निजी बाइकों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। यह अभियान बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन, सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन, ओखला बर्ड सैंक्चुअरी मेट्रो स्टेशन, और सेक्टर 62 मेट्रो स्टेशन पर शुरू होगा। इसके बाद पूरे गौतम बुद्ध नगर में अभियान चलाकर निजी बाइकों को हटाया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण से ऑटो स्टैंड के लिए सिफारिश की जाएगी। डी पार्क में सीज की गई गाड़ियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सिपाहियों की तैनाती होगी।

साथ ही, अब कोई भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी ऑनलाइन कागजात जांचने के बाद ही वाहन को रोकेगा।





भारतीय किसान यूनियन भानु के परिवहन मंत्री व ऑटो यूनियन के अध्यक्ष चौधरी ओमप्रकाश गुर्जर ने एक जिला एक परमिट और गौतम बुद्ध नगर को पूर्ण संभाग का दर्जा दिलाने की मांग को जल्द पूरा करने के लिए एआरटीओ डॉ. सियाराम वर्मा से आग्रह किया, जिन्होंने इस पर सहमति जताई। यूनियन ने इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया।

यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी बीसी प्रधान ने कहा कि गरीब मजदूरों और किसानों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सकारात्मक वार्ता की सराहना करते हुए चेतावनी दी कि सड़कों पर बढ़ते ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए ई-ऑटो और ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन पर जल्द प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

वार्ता में ठाकुर सुधीर, उमेश पाल, शीशपाल, नरेंद्र सिंह, वीपी सिंह, गोविंद मंडल, मनोज यादव, नाहर सिंह गुर्जर सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस और कार सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक बदमाश घायल, 4 को कांबिंग कर पकड़ा

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना 39 पुलिस और कार सवार बदमाशों में हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि चार बदमाशों को पुलिस ने कांबिंग ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया है।

बता दे कि पुलिस से हुई मुठभेड़ मैं घायल बदमाश की पहचान विकास पुत्र जयप्रकाश के रूप में हुई है। जबकि उसके साथी रंजन पुत्र लक्ष्मण, मोहम्मद कुर्बान पुत्र बाबू जान, पिंटू उर्फ संजय पुत्र सलमान और अमन पुत्र नन्हे मियां को पुलिस ने कांबिंग ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि देर रात थाना 39 पुलिस ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से सेक्टर 37 की तरफ मुड़ने वाले कट पर चेकिंग कर रही थी तभी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में सवार कुछ लोग एक्सप्रेसवे से सेक्टर 37 की



तरफ दादरी रोड पर आते दिखाई दिए पुलिस ने जब रोकने का इशारा किया तो वह रुक नहीं और दादरी रोड की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने कार का पीछा किया, अपने आप को घिरता कार को ग्रीन बेल्ट की तरफ मोड़ दिया। लेकिन कार पेड़ से टकरा गई, इसके बाद बदमाश उतारकर पुलिस टीम का फायरिंग कर भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक एक बदमाश विकास घायल हो गया अन्य बदमाशों को पुलिस ने कांबिंग के दौरान पकड़ा। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है । प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है, कि यह सभी बदमाश टपेबाजी गिरोह के सदस्य और इनके कब्जे से तमंचा कारतूस, सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी, दो बंडल कागज की गड्डी जिसकी आगे पीछे 500 का नोट लगा हुआ था और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 17 जूलाई 2025
Www.vishalindia.in

# प्रयागराज में गंगा-यमुना उफनाईं, सड़क पर चिताएं जल रही

## ललितपुर में बांध के 8 गेट खोले, काशी में 1000 मंदिर डूबे, बारिश में आरती

**उत्तर प्रदेश।** यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। बुधवार को लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी समेत 20 से ज्यादा शहरों में बारिश हुई। लगातार बारिश से गंगा-यमुना, सरयू उफान पर हैं। वाराणसी में बारिश के बीच गंगा आरती हुई।

प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ आने से नदियों के आसपास के 15 से ज्यादा मोहल्लों की 5 लाख की आबादी पानी से घिर गई है। शहर का सबसे बड़ा श्मशान दारागंज डूब गया है। बुधवार को 13 शवों का अंतिम संस्कार सड़क पर हुआ। शहर से 20 किमी के दायरे में आने वाले गंगापार और यमुनापार के कछारी इलाकों के 200 से ज्यादा गांव पर भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। वहीं, सहारनपुर में बरसाती नदियां उफनाई हैं। लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं।



वाराणसी में गंगा नदी 2 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही है। नदी का जलस्तर 68.90 मीटर तक पहुंच गया है। सभी 84 घाट जलमग्न हो चुके हैं। अब तक घाट किनारे के 1 हजार मंदिर भी डूब चुके हैं। गंगा खतरे के निशान से सिर्फ 1.56 मीटर दूर है। शीतला माता मंदिर डूब गया है। मान्यता है कि गंगा शीतला माता के चरणों को छूने के लिए रौद्र रूप धारण करती हैं।

छत्तीसगढ़ और झारखंड में हो रही बारिश का असर सोनभद्र के कनहर बांध पर दिखाई दे रहा है। बांध का जलस्तर 256 मीटर तक पहुंच गया है। इसके चलते बांध के चार गेट खोलकर 1200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। ललितपुर में गोविंद सागर बांध का जलस्तर बढ़ने के चलते बुधवार शाम को 8 गेट खोल दिए गए।

मिर्जापुर में नटवा रेलवे ब्रिज के नीचे बारिश का पानी भर गया। उसमें एक सरकारी गाड़ी डूब गई और पानी घुस गया। इसके बाद पुलिसवाले सीट पर बैठ गए। स्थानीय लोगों ने बंद गाड़ी को धक्का देकर बाहर निकाला।

मौसम विभाग ने आज 53 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवाएं चल सकती हैं। बिजली गिरने की भी संभावना है।

### 24 घंटे में 6.6 मिमी बारिश

बीते 24 घंटे में प्रदेश के 64 जिलों में औसतन 6.6 मिमी बारिश हुई। सबसे ज्यादा 31 मिमी बारिश वाराणसी में रिकॉर्ड की गई। वहीं, 1 जून से 16 जुलाई तक यूपी में कुल 237.9 मिमी बारिश हुई है, जो नॉर्मल 229.4 मिमी से 4 प्रतिशत अधिक है।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर पायलट ने फ्लाइट उड़ाने से मना किया

## 160 यात्रियों को नीचे उतारा गया, दुबई जा रहा था एअर इंडिया का विमान

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर पायलट ने यात्रियों से भरी फ्लाइट को टेकऑफ करने से मना कर दिया। एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को बुधवार सुबह 8ः45 बजे दुबई के लिए उड़ान भरनी थी। इसमें 160 यात्री और 8 क्रू मेंबर्स समेत कुल 168 लोग सवार थे। तभी पायलट को फ्लाइट का इंजन स्टार्ट होने के बाद तकनीकी खराबी का पता चला।

पायलट ने इसकी सूचना तुरंत एयरलाइन अधिकारियों और एटीसी को दी। लास्ट स्टेज पर फ्लाइट से उतरने को लेकर यात्रियों में खासा गुस्सा दिखा। तीन दिन पहले भी




लखनऊ से हैदराबाद जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में टेक्निकल खामी आ गई थी। इस वजह से फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी थी।

### विमान में यात्री सवार थे, फ्लाइट उड़ान भरने ही वाली थी

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-193 उड़ान भरने के लिए तैयार थी। फ्लाइट की उड़ान का समय बुधवार सुबह 8: 45 बजे था। इसे 11: 35 बजे दुबई पहुंचना था। फ्लाइट में बैठने वाले सभी पैसेंजर की बोर्डिंग भी हो चुकी थी। 160 यात्री फ्लाइट के अंदर बैठ चुके थे।

फ्लाइट का इंजन जैसे ही स्टार्ट हुआ। तभी पायलट को विमान में तकनीकी गड़बड़ी की आशंका हुई। पायलट ने विमान को उड़ान भरने में अनफिट बताया। उन्होंने खतरा भांपते हुए फ्लाइट को टेकऑफ करने से इनकार कर दिया।

# रेलवे ट्रैक पर मिला श्रमिक का शव

**संतकबीर नगर।** संतकबीरनगर के कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। बनकटवा गांव के 30 वर्षीय नर्सिंह पुत्र चिनगी का शव बुधवार की सुबह कोतवाली खलीलाबाद के मंझरिया गांव रेलवे ट्रैक के पास मिला है। परिजनों ने शव की पहचान की। पुलिस ने दिन में तीन बजे लाश का पीएम कराया। परिजनों के अनुसार नर्सिंह दिल्ली में फर्नीचर पॉलिश का काम करता था। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे गांव के सलीम पुत्र फतेह मोहम्मद उसे बाइक से गोरखपुर रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे। शाम 5 बजे के करीब सलीम ने उसे स्टेशन के बाहर छोड़ा। इसके बाद परिजनों से नर्सिंह की आखिरी बात हुई। उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। परिजनों को लगा कि वह दिल्ली पहुंचने के बाद संपर्क करेगा।

# पाली में खाद यूरिया के रजिस्टर मेंटेनमेंट देखकर भरे खाद के नमूने



**ललितपुर।** पाली कस्बा पाली में कृषि विभाग के आलाधिकारीयों के द्वारा कीटनाशक एवं उर्वरक खाद बीज की दुकानों पर की छापेमारी। कीटनाशक एवं उर्वरक खाद बीज दुकानों पर आलाधिकारियों द्वारा खाद बीज यूरिया की रजिस्टर मेंटेनेंस देखे गए तो वहीं गोदाम पर स्टॉक चेक किया गया। साथ में खाद के नमूने भरे। पाली कस्बा में 14 उर्वरक खाद बीज और कीटनाशक की दुकानें हैं जिनमें से मात्र चार दुकानों पर की छापेमारी। छापेमारी में पाली उपजिलाधिकारी निशंक कुमार तिवारी, पाली तहसीलदार पीयूष कुमार भार्गव, संबंधित विभागीय अधिकारी रिसू उपाध्याय, रामनारायण चौरसिया, लेखपाल बुद्ध प्रकाश, कलीम बाबू ने दुकानों पर पहुंचकर सैंपल लिया और खाद यूरिया का गोदाम में स्टॉक की गिनती की। दुकानदारों को चेतावनी दी गई की जो भी दुकानदार खाद और या का ब्लैकमेलिंग करते पाया जाता है। या स्टॉक रजिस्टर कंप्लीट नहीं मिलता है उसके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की चार बैटरी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** चोरी की चार बैटरी के साथ कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से चार बैटरी बरामद की पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एंव क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 796/2025 धारा 303(2) / 317(2) बीएनएस से सम्वन्धित एक अभियुक्त माखन सिंह पटेल पुत्र स्व0 प्रभुदयाल पटेल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी पटौरा रोड जुगपुरा नेहरूनगर थाना कोतवाली ललितपुर को बच्चा जेल तिराहा बुढवार रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

अभि. को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है। अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि साहब मै शराब पीता हू, कभी-कभी शराब के लिए पैसे नही होते तो मै छुटमुट सामान चोरी कर लेता हूँ । दिनाँक 11/07/2025 को मै काम मांगने के लिए पैट्रोल पम्प गया था जहा पैट्रोल पम्प वालो ने मुझे कहा कि हमे आदमी की आवश्यकता नही है इसलिए मुझे वहा काम नही मिला ।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया

**ललितपुर।** माह जुलाई, डेंगू रोधी माह मनाये जाने के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार, ललितपुर में आज दिनांक 16 जुलाई 2025 को अपर निदेशक महोदया, झांसी मण्डल झांसी डॉ0 सुमन के निर्देशन में डेंगू रोग प्रशिक्षण/गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सामु0स्वा0 केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षक एवं वी0बी0डी0 यूनिट की टीम ने प्रतिभाग किया। जिनमें डेंगू रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जनपद स्तरीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद द्वारा अवगत कराया गया कि डेंगू बुखार एक वायरल है, जिसमें बुखार के साथ कुछ लक्षण जैसे-



बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, आंखो के पीछे दर्द, त्वचा पर चकत्ते पड़ना एवं उल्टी आदि भी हो सकते साथ ही बुखार आने पर घबराएं नहीं तथा रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपचार दिलवायें। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने पावर पॉइन्ट प्रस्तुतिकरण के द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया कि बुखार उतारने के लिए एवं अन्य दवाईयां चिकित्सक की सलाह से ही लें। सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जॉच की सुविधा उपलब्ध है। इसमें विशेष रूप से प्लेटलेट्स कम होने पर ही स्थिति बिगड़ने की सम्भावना होती है। बुखार आने पर किसी भी नीम हकीम से उपचार न लें। केवल प्रशिक्षित चिकित्सक से ही उपचार करायें। डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा काटने से होता है, इस मच्छर पर काली सफेद धारियां होती हैं, इसलिए इसे टाइगर मॉस्कीटो भी कहते हैं। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रूके हुए साफ पानी में पनपता है। अतः घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी की टंकी, कूलर, पशु पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, गमले आदि का पानी नियमित रूप से बदलते रहें। नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर आदि में पानी एकत्रित न होने दें एवं ऐसे पात्रों को नष्ट कर दें। पानी के भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखें। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है। अतः ऐसे कपड़े पहने जिसमें शरीर का अधिकतम भाग ढका रहे।

# जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर कुल्हाड़ी से किया हमला

## सोनभद्र कोर्ट ने आरोपी को सुनाई 3 साल की सजा, 32 हजार का लगाया जुर्माना

**सोनभद्र।** साढ़े चार साल पूर्व कुल्हाड़ी से प्रहार कर गम्भीर चोट पहुंचाने व जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी विजेंद्र वियार को 3 वर्ष का कारावास व 32 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के कम्हारडीह गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र रामसखी ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 15/16 अक्तूबर 2020 को रात करीब 12 बजे उसके पिताजी खेत मे पानी लगाने गए थे जहां पर गांव का विजेंद्र वियार पुत्र पुनवासी वियार ने 4 अन्य साथियों के साथ कुल्हाड़ी से उसके पिता के गर्दन पर प्रहार कर गम्भीर चोट पहुंचाई और जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित किया तथा पिताजी को मरा समझकर छोड़कर भाग गए।

इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा तो पिताजी गिरे पड़े थे और खून भी गिरा था। घटना के बारे में पूछा तो पिताजी ने उपरोक्त बातें बताई। तब 112 नम्बर पुलिस को सूचना देकर बुलाया तो अस्पताल में लेजाकर भर्ती कराया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 8 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी विजेंद्र वियार को 3 वर्ष का कारावास व 32 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

# प्रयागराज में घर से निकले युवक का मिला शव

प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र के पाठकपुर में 17 वर्षीय करन आदिवासी की संदिग्ध हालात में मौत से हड़कंप मच गया। सुबह करीब चार बजे करन घर से निकला था, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा।

परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से खोजबीन शुरू की, तो घर से कुछ ही दूरी पर एक गड्ढे में उसका शव तैरता मिला। शव देखते ही मौके पर भीड़ जुट गई और गांव में मातम पसर गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे हादसा मान रही है, हालांकि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। करन के पिता रामस्वरूप मुंबई में गार्ड की नौकरी करते हैं।

बेटे की मौत की खबर सुनते ही वह बेहोश हो गए। करन घर का इकलौता बेटा था और अपनी मां के साथ खेती-बारी और मजदूरी कर घर चलाने में हाथ बंटाता था। दादा रमापति रोते हुए बोले, मेरा इकलौता लाडला नाती था। मुझे ठीक से दिखाई नहीं देता था, रात-बिरात वही हर जगह ले जाता था।

# बिजली का तार जोड़ते समय युवक की मौत

## करंट लगने से एक हाथ झुलसा था, परिवार में मचा कोहराम

**जौनपुर।** जौनपुर के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को एक दुखद घटना सामने आई। कोठवार घनघनुवा गांव के 30 वर्षीय गुलशन कुमार की बिजली का तार जोड़ते समय करंट लगने से मौत हो गई।

मंगलवार की रात को गुलशन कुमार गिरधरपुर गांव में बिजली का तार जोड़ने गए थे। काम करते समय अचानक हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए।

इस दौरान उनका एक हाथ बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुलशन कुमार दयाराम के पुत्र थे। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सुबह होते ही सरायख्वाजा पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ में लिव इन पार्टनर की हत्या करने वाला गिरफ्तार

## स्कूल टीचर प्रेमिका को छत से फेंका था, एक साल से फरार था

लखनऊ। लखनऊ की कृष्णानगर पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे हत्या के आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया। आरोपी लिवइन पार्टनर की हत्या करके फरार हो गया था। जिलों बदल-बदलकर छिप रहा था। आरोपी पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था।

प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर प्रद्युम्न कुमार सिंह ने बताया 4 जुलाई को माधोकुन्ज कटरा रोड प्रयागराज निवासी सुरेन्द्र कुमार चौरसिया ने मुकदमा दर्ज कराया।

उन्होंने बताया कि जार्जटाउन प्रयागराज निवासी प्रखर शुक्ला पुत्र अमित कुमार शुक्ला ने बेटी शुभांगी चौरासिया की हत्या कर दी है।



### मऊ भाग गया था आरोपी

पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी की तलाश में दो टीमें लगाई गई। आरोपी प्रखर पुलिस ने बचने के लिए मऊ भाग गया। फिर वहां से अपनी बहन के पास बैंगलोर चला गया। फिर मध्यप्रदेश में जाकर रहने लगा।

एक साल तक पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस टीम ने मंगलवार देर रात करीब एक बजे सरदार पटेल संस्थान की बाउंड्रीवाल के किनारे मेन रोड झूसी प्रयागराज से प्रखर को गिरफ्तार किया।

### दूसरे लड़के से बात करने से नाराज होकर छत से फेंका

पूछताछ में प्रखर ने बताया कि वो और शुभांगी 2015 में भारती यूनिवर्सिटी इलाहाबाद में पढ़ाई के दौरान मिले थे। बातचीत में दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। मार्च 2022 से दोनों के एक दूसरे के साथ लिवइन रिलेशन में भोलाखेडा कृष्णानगर में किराए के मकान में रह रहे थे। शुभांगी एलपीएस स्कूल में जॉब करने लगी और प्रखर सेल्समैन की नौकरी करता था।

### सेल्समैन की नौकरी करता था

27 जून 2024 की देर रात शुभांगी छत पर किसी अन्य लड़के से फोन बातचीत कर रही थी। इस बारे में पूछने पर शुभांगी ने गाली गलौज शुरू कर दी।

इस बात नाराज होकर शुभांगी को छत से नीचे फेंक दिया। फिर इलाज के लिए लोकबंधु लेकर गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डर की वजह से मौके से फरार हो गया।

# शार्ट न्यूज

## कवयित्री का होटल में अश्लील वीडियो बनाया

**लखनऊ।** लखनऊ में जानकीपुरम निवासी कविता पाठ करने वाली युवती का एक युवक ने होटल में बुलाकर जबरन अश्लील वीडियो बना लिया। कवयित्री का आरोप है कि आरोपी उसको बहन मानता था। आरोपी अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी पर पैसों की मांग कर रहा है। साथ ही उससे फोन पर बात न करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। विकासनगर थाना पुलिस पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक कार्यक्रम में कविता पाठ करने गई थी। इसी दौरान अजय उर्फ फतेह बहादुर नाम के युवक का फोन आया। पूछने पर बताया कि आपकी कविताएं हमको प्रेरणा देती हैं। हमने आपका मोबाइल नंबर फेसबुक आईडी से निकाला है। साथ ही उसने कहा कि उसकी कोई बहन नहीं है, हम आपको अपनी बहन बनाना चाहते हैं। उसकी बातों में आकर उसकी मुंहबोली बहन बन गई और बातचीत करने लगी। उसके बाद मुलाकात भी शुरू हो गई।

## मेट्रो स्टेशन के नीचे हुड़दंग मचाने वाले 10 गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ की महानगर पुलिस ने विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के नीचे बाइक का काफिला लेकर हुड़दंग मचाने वाले 10 युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी युवक पूरी रोड घेरकर बाइक लहराते हुए उत्पात मचा रहे थे। जिससे राहगीरों को काफी दिक्कत हुई थी। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर सभी को हिरासत में लिया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि सोमवार रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें लखनऊ की सडको पर बाइकर्स गैंग का ताडंव लखनऊ यूनिवर्सिटी रोड पर स्टंटबाजी के चक्कर में हादसा भी हुआ। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस टीम ने आईटीएमएस से आईटी चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा गया। बाइकर्स गैंग जो कपूरथला की तरफ से हनुमान सेतु जाने वाले रोड की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। जो बड़ी लापरवाही व तेजी से अपनी बाइक को सड़क पर दौड़ा रहे थे। सीसीटीवी कैमरों की मदद से तीन बाइक की पहचान की गई। इसके बाद मुकदमा दर्ज कर 10 युवकों को पकड़ा गया।

## आगरा में महिला की संदिग्ध मौत

**आगरा।** आगरा के मलपुरा थाना क्षेत्र में एक 50 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी पहचान शिया के रूप में हुई है। वो कुठावली गांव की रहने वाली थी। घटना न्यू दक्षिणी बाइपास पर नगला कारे के पास की है। देवर कृष्णकांत के अनुसार, वह शिया को अपनी बाइक पर मलपुरा बैंक ले जा रहा था। रास्ते में महिला बाइक से गिर गई और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, एक गांव के युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि देवर ने महिला की हत्या की है। मृतका के भाई उम्मेद सिंह ने भी थाना मलपुरा में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई है। थाना प्रभारी पवन कुमार सैनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। महिला का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पिकअप की टक्कर एक महिला की मौत

**अयोध्या।** रुदौली कोतवाली क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव में मंगलवार शाम एक पिकअप वाहन की टक्कर से हुए दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना शाम करीब 7: 30 बजे हुई, जब एक पिकअप वाहन का चालक सड़क किनारे वाहन को खड़ा करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में पिकअप को कब्जे में ले लिया है। फरार चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, पिकअप वाहन अहिरौली अत्यारपुर गांव निवासी सुनील कुमार कनौजिया की नई खरीदी गई थी। इसे चालक रिंकू चला रहा था। हादसा उस समय हुआ, जब रिंकू ने पिकअप को सड़क किनारे खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान वाहन ने सड़क पर मौजूद लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में नजमा खातून (40) गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि जसिमुन (55), कलीम (5), और रशीद (45) को भी चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

## बदमाशों ने प्रधान पुत्र को मारी गोली

**संतकबीर नगर।** संतकबीरनगर में बुधवार शाम ग्राम पंचायत करैली के प्रधान पुत्र पर फायरिंग कर दी गई। हमलावरों ने प्रधान पुत्र को दौड़ाकर गोली मारी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत और गुस्से का माहौल है। घटना बखिरा थाना क्षेत्र के बघौली ब्लॉक मुख्यालय की है। पीड़ित देवेंद्र यादव, ग्राम करैली निवासी और ग्राम प्रधान विद्याधर यादव के पुत्र हैं। उन्होंने बताया कि वह बुधवार शाम करीब 6 बजे ब्लॉक तिघरा में पंचायत से संबंधित कार्य से पहुंचे थे। तभी बंटी पाठक, अनुराग उर्फ डॉन और दो अन्य अज्ञात हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। हमलावरों ने पहले गाली-गलौज की और फिर बुरी तरह पीटते हुए पिस्टल से चार राउंड फायर कर दिए। साथ ही अन्य हमलावरों ने हवाई फायरिंग कर पूरे ब्लॉक परिसर में दहशत फैला दी। देवेंद्र ने बताया कि ब्लॉक के अंदर से शोर सुनकर उनके चाचा विजय यादव बचाव के लिए दौड़े, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

## ब्लैकमेलिंग से परेशान महिला ने दी जान

**बाराबंकी।** बाराबंकी में एक महिला की कीटनाशक पीने से मौत का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने भाजपा नेता अम्बरीष रावत के भाई विनोद रावत पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता के पति ने बताया कि वह केरल में काम करते हैं। उनकी पत्नी बच्चों के साथ गांव में रहती थी। विनोद रावत का उनके घर आना-जाना था। विनोद ने अपने साथी उस्मान से महिला की दोस्ती करवाई और अपने फोन से दोनों की बातचीत कराता था। घटना के चार दिन बाद उस्मान सऊदी अरब चला गया। इसके बाद विनोद रावत ने महिला को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि वह बदनामी के डर का फायदा उठाकर महिला पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाल रहा था। लगातार ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर महिला ने 1 जुलाई, 2025 को कीटनाशक पी लिया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 16 जुलाई को उसकी मौत हो गई। असंद्रा पुलिस ने मामला दर्ज कर विनोद रावत और शांति देवी को गिरफ्तार किया है। सऊदी अरब में होने के कारण उस्मान अभी गिरफ्तार नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## यमुना नदी में मिला महिला और युवक का शव

**हमीरपुर।** हमीरपुर में यमुना नदी में एक महिला और एक पुरुष के शव बहते हुए देखे गए। दोनों शव मेरापुर पंप कैनाल के पास आकर फंस गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तेज बारिश के चलते शवों को बाहर नहीं निकाला जा सका। कोतवाल राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को जैसे ही शवों की जानकारी मिली, टीम तत्काल मौके पर पहुंची। लेकिन उसी दौरान मौसम बिगड़ गया और तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे शवों को बाहर निकालने की प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि बारिश रुकने के बाद शवों को बाहर निकाला जाएगा और जांच शुरू की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला के शव पर पूरे कपड़े थे। जबकि पुरुष के शरीर पर केवल अंडरवियर था। कई लोगों ने दावा किया कि दोनों शव एक-दूसरे से बंधे हुए प्रतीत हो रहे थे। साथ-साथ बहते देखे गए। इस आशंका के चलते मामला और संदेहास्पद हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह आत्महत्या, हत्या या प्रेम-प्रसंग से जुड़ा मामला भी हो सकता है। लेकिन फिलहाल पुलिस ने किसी निष्कर्ष की पुष्टि नहीं की है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों की पहचान, संबंध और मौत के कारणों की जांच शुरू करने की बात कही है। शवों को निकालने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेन में गर्मी से दो महीनों में 1 हजार से ज्यादा मौतें हुईं, पिछले साल के मुकाबले 10 गुना अधिक

**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन में गर्मी के कारण मई 16 से जुलाई 13 तक करीब 1,180 लोगों की मौत हो चुकी है। ये पिछले साल इसी समय में हुई 114 मौतों से 10 गुना अधिक है। मरने वालों में ज्यादातर 65 साल से ज्यादा उम्र के थे, जिनमें आधी से ज्यादा महिलाएं थी। स्पेन का गैलिसिया, ला रियोजा, अस्टुरियस और कैंटाब्रिया जैसे उत्तरी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, जहां आमतौर पर गर्मी कम रहती थी, लेकिन हाल के वर्षों में तापमान में भारी वृद्धि देखी गई है। इस दौरान तापमान अक्सर 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फारेनहाइट) से ऊपर रहा। इस अवधि में 76 रेड अलर्ट जारी किए गए, जबकि पिछले साल कोई अलर्ट नहीं था। पिछले साल स्पेन में गर्मी से 2,191 लोगों की मौत हुई थी। हाल ही में 9 जुलाई को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप के 12 शहरों में 2 जुलाई तक 10 दिनों की भीषण गर्मी में लगभग 2,300 लोगों की मौत हुई।

### पनामा में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**पनामा , एजेंसी।** पनामा के प्रशांत तट पर 6.2 तीव्रता का भूकंप रिकॉर्ड किया गया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसे लेकर जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप दोपहर के समय पुंटा बुरीका से लगभग 130 मील (210 किलोमीटर) दक्षिण में, कोस्टा रिका की सीमा के पास पनामा के चिरिकी प्रांत में 10 किलोमीटर (6 मील) की प्रारंभिक गहराई पर आया। इसके चलते पश्चिमी पनामा के चिरिकी और आसपास के इलाकों में झटके महसूस किए गए। वहीं स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल भूकंप के कारण सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

### कनेक्टिकट में प्रेमिका के हत्यारे को 65 साल की जेल

**न्यू हेवन , एजेंसी।** कनेक्टिकट के एक व्यक्ति को सोमवार को 2019 में अपनी प्रेमिका की पीट–पीटकर हत्या करने के जुर्म में 65 साल की जेल की सजा सुनाई गई। उस समय उनकी 14 महीने की बेटी भी गायब हो गई थी, जो अब तक नहीं मिली है। 48 साल के जोस मोरालेस को अप्रैल में कोर्ट ने क्रिस्टीन होलोवे की हत्या और सबूतों से छेड़छाड़ करने का दोषी पाया था। क्रिस्टीन की हत्या उनके घर पर हुई थी, जो न्यू हेवन शहर से लगभग 16 किलोमीटर दूर एन्सोनिया नामक जगह पर है। हत्या के समय क्रिस्टीन की बेटी वैनेसा सिर्फ 14 महीने की थी। परिवार वाले उसे अब भी ढूंढ रहे हैं। पुलिस ने 2019 में कहा था कि मोरालेस लड़की के लापता होने के मामले में संदिग्ध है, लेकिन उस पर कभी इसका आरोप नहीं लगाया गया। सुनवाई के दौरान क्रिस्टीन होलोवे के कई रिश्तेदारों ने अपनी भावनाएं जाहिर कीं।

### न्यूयॉर्क के मेयर पद की दौड़ में बने रहेंगे क्युमो

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्युमो ने कहा है कि वे अब एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में न्यूयॉर्क शहर के मेयर का चुनाव लड़ेंगे। वे डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रगतिशील नेता जोहरान ममदानी के खिलाफ मैदान में हैं, जिनसे उन्हें पिछले महीने प्राइमरी चुनाव में हार मिली थी। एक वीडियो में क्युमो ने कहा कि ममदानी के पास सिर्फ आकर्षक नारे हैं, लेकिन असली समाधान नहीं। उन्होंने कहा, हमारे शहर को बचाने की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। जून के प्राइमरी में सिर्फ 13प्रतिशत लोगों ने वोट दिया था। असली चुनाव तो नवंबर में है, और मैं उसे जीतने के लिए मैदान में हूं। अब नवंबर के आम चुनाव में क्युमो अकेले नहीं हैं। मौजूदा मेयर एरिक एडम्स भी स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लड़ रहे हैं। वहीं, कर्टिस स्लीवा, जो 1970 के दशक में गार्जियन एंजेल्स नाम की सुरक्षा गश्त शुरू करने वाले थे, रिपब्लिकन पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं।

### मेरिका ने मेक्सिको से इम्पोर्ट होने वाले टमाटरों पर 17 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने मेक्सिको से इम्पोर्ट होने वाले टमाटरों पर 17प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इससे अमेरिका–मेक्सिको का 2019 के टमाटर समझौता खत्म हो जाएगा, जिसके तहत मेक्सिको से टमाटर बिना टैरिफ के आते थे। अमेरिकी व्यापार विभाग ने कहा कि स्थानीय किसानों के दबाव के कारण यह कदम उठाया गया, जो मेक्सिको के बढ़ते दबदबे से परेशान हैं। मेक्सिको अमेरिका में खपत होने वाले 70प्रतिशत टमाटरों की आपूर्ति करता है। हालांकि, मेक्सिको में टमाटर उगाने वाली या आयात पर निर्भर अमेरिकी कंपनियों ने चेतावनी दी है कि इससे किराने की दुकानों में कीमतें बढ़ेंगी और सप्लाई चेन प्रभावित होगी। वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक को इस सिलसिले में कई पत्र भेजे गए और बातचीत की अपील की। व्यापारिक समूहों ने कहा कि अमेरिकी कंपनियां 50,000 श्रमिकों को रोजगार देती हैं और मेक्सिको से टमाटरों को देश को 8.3 बिलियन डॉलर का मुनाफा होता हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 17प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में टमाटर की खुदरा कीमतें 8.5प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। यह शुल्क राष्ट्रपति ट्रम्प के मेक्सिको और यूरोपीय संघ से आयात पर 30प्रतिशत आधार शुल्क से अलग है, जिसकी घोषणा हाल ही में की गई थी।

# यूट्यूबर का दावा- फ्रांस की फर्स्ट लेडी पहले पुरुष थीं: ब्रिगिट मैक्रों ने मानहानि का मुकदमा किया

**पेरिस, एजेंसी।** 2021 में अमंडाइन रॉय और नताशा रे नामक दोनों महिलाओं ने एक यूट्यूब पर पोस्ट किए गए वीडियो में ब्रिगिट के जीन-मिशेल ट्रोगन्यू नामक पुरूष होने का दावा किया था। जीन-मिशेल ट्रोगन्यू ब्रिगिट के भाई है, जिनकी शक्ल आपस में काफी हद तक मिलती है। ब्रिजिट ने इन दोनों महिलाओं के खिलाफ पहले निचली अदालत में मुकदमा किया था। निचली अदालत ने 2024 में दोनों महिलाओं पर करीब 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था, जिसमें 7 लाख रुपए ब्रिजिट को और 5 लाख रुपए उनके भाई को देने की बात कही गई थी।



बाद में पेरिस की अदालत ने उन दोनों के खिलाफ सुनाई गई सजा को माफ कर दिया था। सोशल मीडिया पर मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट को लेकर कई तरह की बातें होती रहती है। मई में इनके बीच झड़प का एक वीडियो वायरल हुआ था।

**ब्रिजिट ने मैक्रों को धकेला, सोशल पर वायरल हुआ था वीडियो :** मैक्रों 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी ने उनका मुंह पकड़कर धकेल दिया था। एसोसिएटेड प्रेस ने इस वीडियो को रिकॉर्ड किया। घटना तब की है, जब दोनों विमान से उतरने की तैयारी कर रहे थे। वीडियो में दिखा कि जैसे ही मैक्रों के प्लेन का दरवाजा खुला, ब्रिगिट मैक्रों का मुंह पकड़कर धकेल देती हैं। मैक्रों इस दौरान कुछ पल के लिए चौंकते हैं, फिर जल्दी से अपने आपको संभालते हुए बाहर के लोगों की तरफ हाथ हिलाते हैं। इसके बाद ब्रिगिट भी पति के साथ बाहर आती हैं। वह मैक्रों के साथ प्लेन की सीढ़ियां से नीचे उतरती हैं। इस दौरान मैक्रों अपना हाथ उनकी तरफ बढ़ाने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह इसे अनदेखा कर देती हैं।

**मैक्रों से 24 साल बड़ी हैं ब्रिजिट :** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी के उम्र के अंतर को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बातें होती रहती हैं। बता दें, ब्रिजिट मैक्रों से 24 साल बड़ी हैं। साल 1992 में जब इमैनुएल मैक्रों 15 साल के थे, उनकी मुलाकात ब्रिगिट ट्रोन्यू से हुई थी। ब्रिगिट तब 39 साल की थीं और उत्तरी फ्रांस के अमिएंस में ला प्रोविडेंस हाई स्कूल में फ्रेंच और ड्रामा की टीचर थीं। इमैनुएल उस स्कूल में पढ़ते थे। ब्रिगिट की बेटी मैक्रों की क्लासमेट थी। दोनों अच्छे दोस्त थे और अक्सर साथ दिखाई देते थे। ऐसे में कई लोग दोनों को गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड समझते थे। लेकिन मैक्रों को उनकी क्लासमेट नहीं बल्कि उसकी टीचर मां पसंद थीं। इमैनुएल स्कूल के ड्रामा क्लब में शामिल हुए, जहां ब्रिगिट ड्रामा सिखाती थीं। दोनों ने एक साथ एक नाटक पर काम किया, जिसमें इमैनुएल ने स्क्रिप्ट लिखने में मदद की। यहीं से उनकी नजदीकी शुरू हुई।

**पिता ने स्कूल छुड़वाया, फिर भी प्यार बरकरार रहा :** इमैनुएल ने बाद में बताया कि उन्हें तब ही ब्रिगिट से प्यार हो गया था। इमैनुएल और ब्रिगिट के बीच बढ़ती नजदीकी की चर्चा स्कूल में हो गई। इमैनुएल के माता-पिता इस रिश्ते के खिलाफ थे। उन्होंने इमैनुएल को पेरिस भेज दिया ताकि वह ब्रिगिट से दूर रहें। उन्होंने ब्रिगिट को धमकी भी दी कि जबतक उनका बेटा बालिग नहीं हो जाता, तब तक वह उनसे दूर रहे। मैक्रों ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उसी समय मैंने ठान लिया था कि मुझे सफल होना है। मैं अपने माता-पिता को साबित करना चाहता था कि मैंने अपनी टीचर से प्यार करके कोई गलती नहीं की थी।

पेरिस में पढ़ाई के दौरान इमैनुएल ने ब्रिगिट से संपर्क बनाए रखा। उन्होंने पत्र लिखे और फोन पर बात की। इमैनुएल ने बाद में एक इंटरव्यू में कहा- मैंने ब्रिगिट से कहा था कि मैं किसी भी हाल में उनसे शादी करूंगा।

**मैक्रों से मुलाकात के 14 साल बाद पति को तलाक दिया :** ब्रिगिट के पति एक बैंकर आंद्रे-लुई औजिए थे। ब्रिगिट ने 2006 में अपने पति से तलाक ले लिया। इसके एक साल बाद 2007 में दोनों ने फ्रांस के तटीय शहर ले टौके में शादी की। उस वक्त इमैनुएल की उम्र 29 साल और ब्रिगिट 54 की थीं। इमैनुएल ने अपने शादी के भाषण में ब्रिगिट के बच्चों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने उन्हें स्वीकार किया।

इमैनुएल ने कभी अपने बच्चों की इच्छा नहीं जताई, और वह ब्रिगिट के बच्चों और उनके पोते-पोतियों के साथ पारिवारिक जीवन जीते हैं। शादी के बाद, ब्रिगिट ने इमैनुएल के करियर में अहम भूमिका निभाई। वह उनकी सलाहकार रही हैं और उनके राजनीतिक अभियानों में सक्रिय रहीं। ब्रिगिट ने अपनी टीचिंग जॉब छोड़ दी और फ्रांस की प्रथम महिला के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं।

## भारत और पाकिस्तान में एक सप्ताह में शुरू हो जाता परमाणु युद्ध, डोनाल्ड ट्रंप ने किया दावा




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रोकने का क्रेडिट ले रहे हैं। अब उन्होंने दावा किया है कि दोनों मुल्कों के बीच परमाणु युद्ध छिड़ने वाला था। खास बात है कि भारत लगातार इस दावे को खारिज करता रहा है कि संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की भूमिका थी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी कार्रवाई की थी।

व्हाइट हाउस में ट्रंप ने कहा, हम युद्ध रुकवाने में काफी सफल रहे हैं। भारत और पाकिस्तान को देख लें... जिस तरह से चल रहा था, वैसे भारत और पाकिस्तान में एक और सप्ताह में परमाणु युद्ध छिड़ जाता। वो बहुत बुरी तरह से चल रहा था। हमने उसे व्यापार की मदद से सुलझाया। मैंने कहा कि जब तक आप इसका समाधान नहीं करेंगे, तब तक हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे। और उन्होंने ऐसा किया...।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने इस तरह का दावा किया हो। पहले भी वह कई मौकों पर कहते रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में उन्होंने भूमिका निभाई है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी इस तरह का दावा कर चुके हैं। बीते सप्ताह उन्होंने कहा था, राष्ट्रपति महोदय, मैं यहां एक सूची पर नजर दौड़ा रहा हूं... घरेलू स्तर पर हासिल की गई इन सभी उपलब्धियों (की सूची) पर... हमने आपके नेतृत्व में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया और उसे समाप्त करवाया।

## सितंबर में ब्रिटेन दौरे पर जाएंगे ट्रंप, दूसरी बार राजकीय यात्रा पर जाने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सितंबर में ब्रिटेन का राजकीय दौरा करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप का यह दौरा 17 से 19 सितंबर के बीच होगा। गौरतलब है कि ट्रंप की यह ब्रिटेन की दूसरी राजकीय यात्रा होगी और ऐसा करने वाले ट्रंप अमेरिका के पहले राष्ट्रपति हैं। ट्रंप के ब्रिटेन दौरे पर किंग चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला विंडसर कैसल में ट्रंप का स्वागत करेंगे। ब्रिटेन दौरे पर ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप भी साथ रहेंगी। विंडसर कैसल ने सोमवार को ट्रंप के दौरे की पुष्टि की। किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को दो बार ब्रिटेन की राजकीय यात्रा पर जाने का नहीं मिला मौका किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को अभी तक ब्रिटेन की दूसरी राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। ट्रंप ने इससे पहले साल 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ब्रिटेन की राजकीय यात्रा की थी और उस वक्त ब्रिटेन की दिवंगत महारानी क्वीन एलिजाबेथ ने उनका स्वागत किया था। अब वे दूसरी बार सितंबर में ब्रिटेन की राजकीय यात्रा करने वाले हैं। किंग चार्ल्स की ओर से ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ट्रंप को ब्रिटेन दौरे पर आने का आमंत्रण दिया था। यह आमंत्रण उस वक्त दिया गया, जब कीर स्टार्मर ने बीती फरवरी में व्हाइट हाउस का दौरा किया था।

# यूलिया स्विरीडेंको बनीं यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री निवर्तमान पीएम को रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूलिया स्विरीडेंको को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। वहीं लंबे समय से इस पद पर रहे निवर्तमान पीएम डेनिस शम्हाल को नया रक्षा मंत्री बनाया गया है। वहीं निवर्तमान रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव को अमेरिका में यूक्रेन का नया राजदूत बनाया जा सकता है। स्विरीडेंको इससे पहले यूक्रेन के उप प्रधानमंत्री पद पर तैनात थीं। हालांकि अभी नई नियुक्तियों को यूक्रेनी संसद की मंजूरी जरूरी होगी। हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से ही जिस तरह से पूरी संसद राष्ट्रपति जेलेंस्की के पीछे लामबंद है, उसे देखते हुए उम्मीद है कि नई नियुक्तियों को मंजूरी मिलने में कोई परेशानी नहीं होगी।

अमेरिका के साथ खनिज समझौते से आई चर्चा में

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक बयान जारी कर कहा कि स्विरीडेंको (39 वर्षीय) एक अर्थशास्त्री हैं, जो अब सरकार का नेतृत्व करेंगी और इसके कामकाज में बदलाव करेंगी। वहीं शम्हाल का अनुभव यूक्रेन के रक्षामंत्री के तौर पर बेहद मूल्यवान है। यही वो क्षेत्र है, जहां देश के सबसे ज्यादा संसाधन लगे हैं और सबसे बड़ी जिम्मेदारी केंद्रित है। स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिका के साथ खनिज समझौता करने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद स्विरीडेंको की खूब चर्चा हुई थी।



यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को उबारने पर फोकस प्रधानमंत्री पद के लिए नाम का एलान होने पर यूलिया स्विरीडेंको ने एक बयान जारी कर कहा कि यूक्रेन बेहद अहम दौर से गुजर रहा है और फिलहाल उनकी प्राथमिकता युद्धग्रस्त यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को बेहतर करना है, साथ ही घरेलू समर्थन कार्यक्रमों को विस्तार देना और हथियारों के उत्पादन में तेजी लाना है। स्विरीडेंको ने नौकरशाही में कमी करने, व्यापार को बढ़ावा देने और फिलहाल गैर जरूरी खर्चों में कमी लाने की भी बात कही। स्विरीडेंको ने कहा कि फिलहाल उनका पूरा फोकस देश के सभी संसाधनों को सुरक्षा क्षेत्र में लगाने और युद्ध से उबरने पर है। विरोधियों पार्टियों ने जेलेंस्की पर सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाए यूलिया को नए पीएम बनाए जाने की कोशिश को लेकर विपक्षी पार्टियां नाराज हैं। उनका कहना है कि उप-प्रधानमंत्री को ही प्रधानमंत्री बनाना कोई बड़ा बदलाव नहीं है, बल्कि बस चेहरों की अदला-बदली है। कुछ विरोधियों का यह भी आरोप है कि जेलेंस्की ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि वह अपनी सत्ता और मजबूत कर सकें। उन्होंने जेलेंस्की पर अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री को रक्षा मंत्री बनाया जा सकता है राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने सोमवार शाम के संबोधन में यह भी घोषणा की कि वे मौजूदा प्रधानमंत्री डेनिस शिमहाल को रक्षा मंत्री बनाना चाहते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि शिमहाल का अनुभव इस पद के लिए बेहद अहम और कीमती होगा। उन्होंने बताया कि इस समय देश के सबसे अधिक संसाधन और जिम्मेदारियां रक्षा मंत्रालय से जुड़ी हैं, इसलिए इस क्षेत्र में कुशल नेतृत्व की जरूरत है।

## भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की क्या ब्लड मनी से बचेगी जान!

**सना, एजेंसी।** भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को कल यानी बुधवार को यमन में मौत की सजा दी जाएगी। निमिषा 2017 से जेल में बंद हैं, उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को ड्रग का ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट अपने कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। निमिषा को मौत की सजा से बचाने के लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर कई कोशिशें की गईं, लेकिन इससे कोई फायदा नहीं हुआ। दिल के पास गोली मारी जाती है यमन में सिर्फ गोली मारकर ही मौत की सजा दी जाती है। हालांकि, यहां पत्थर मारना, फांसी देना और सिर कलम करने का भी प्रावधान है, लेकिन इनका इस्तेमाल नहीं किया जाता है। गोली मारने से पहले दोषी को किसी गलीचे या कंबल पर चेहरा नीचे करके लेटा दिया जाता है। इसके बाद डॉक्टर दोषी की पीठ के ऊपर दिल की जगह पर एक निशान लगाता है और फिर जल्लाद ऑटोमैटिक राइफल से उसकी पीठ में गोलियां मारता है। कुछ मामलों में मृत्युदंड से पहले कोड़े मारने की सजा भी दी जाती है।



**यमन में इस्लाम छोड़ने पर भी मौत की सजा :** यमन के पीनल कोड के मुताबिक किसास, हुदूद और ताजीर के लिए मृत्युदंड का प्रावधान है??।

किसासः आंख के बदले आंख का नियम, इसके तहत हत्या के मामलों में पीड़ित के परिवार को ब्लड मनी लेकर माफी लेने का अधिकार है। हुदूद अपराधः व्यभिचार, समलैंगिकता, धर्मत्याग और डकैती जैसे अपराधों के लिए शरिया के तहत मृत्युदंड दिया जा सकता है। ताजीरः गंभीर अपराधों जैसे आतंकवाद, जासूसी, या देशद्रोह के लिए मृत्युदंड दिया जा सकता है। अब ब्लड मनी ही आखिरी उम्मीद निमिषा की जान बचाने के लिए अब ब्लड मनी ही आखिरी उम्मीद है। हालांकि, भारत सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वो निमिषा प्रिया मामले में ज्यादा कुछ नहीं कर सकती है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा- हम एक हद तक ही जा सकते हैं और हम वहां तक पहुंच चुके हैं। वहीं, सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल के वकील ने कोर्ट को बताया कि एकमात्र रास्ता यह है कि मृतक का परिवार ब्लड मनी (मुआवजा) स्वीकार कर ले।÷ परिवार को 10 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 8.5 करोड़ रुपए) की पेशकश की गई है, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया है।

## डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन पर 20 से ज्यादा अमेरिकी राज्यों ने ठोका मुकदमा, क्या है मामला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप अपने ही देश में घिरते नजर आ रहे हैं। अमेरिका के 20 से ज्यादा राज्यों ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा ठोक दिया है। इस स्कूलों के मुताबिक स्कूल के बाद और समर प्रोग्राम्स समेत विभिन्न कार्यों के लिए मिलने वाली अरबों डॉलर की रकम रोक दी है। कांग्रेस ने कांग्रेस ने कम आय वाले परिवारों की पढ़ाई में मदद, आगे बढ़ने आदि के लिए यह रकम तय की थी। लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी। अब इसको लेकर राज्यों में काफी ज्यादा नाराजगी है। सिर्फ इतना ही नहीं, ट्रंप प्रशासन ने सामुदायिक शिक्षण केंद्रों के लिए दी जाने वाले पैसे भी रोक दिए हैं। यह रकम रोकी क्यों गई है इस पर ट्रंप प्रशासन ने अपना पक्ष रखा है। ट्रंप प्रशासन यह तय करना चाहता है कि जिन संस्थाओं को पैसे दिए जा रहे हैं वह ट्रंप की नीतियों के मुताबिक काम कर रहे हैं या नहीं। उधर रकम रोक दिए जाने से कई स्कूलों के सामने संकट खड़ा हो गया है। ईस्ट प्रोविडेंस के बॉयज एंड गर्ल्स क्लब के मुताबिक रोड आइलैंड राज्य ने अपने स्तर पर समर प्रोग्राम्स जारी रखने के लिए धन मुहैया कराया है। लेकिन सर्दी में स्कूल के बाद चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर चिंता बनी हुई है। बॉयज एंड गर्ल्स क्लब ऑफ अमेरिका की सारा ल्यूटजिंगर ने कहाकि अगर ट्रंप प्रशासन अगले तीन से पांच हफ्तों में पैसे जारी नहीं करता तो तो देश के करीब 926 क्लबों में से कई बंद हो सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि ट्रंप प्रशासन ने यह फैसला लेते वक्त डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी का भी ख्याल नहीं किया। बता दें कि जिन स्कूलों के पैसे रोके गए हैं, उनमें से अधिकतर रिपब्लिकल पार्टी के नेताओं वाले क्षेत्र हैं। एक विश्लेषण के अनुसार, चार फ्रीज किए गए अनुदान कार्यक्रमों से सबसे ज्यादा पैसे पाने वाले 100 स्कूल जिलों में से 91 रिपब्लिकन जिलों में हैं। इन टॉप 100 स्कूल जिलों में से आधे चार राज्यों में हैं। यह राज्य हैं, कैलिफोर्निया, वेस्ट वर्जिनिया, फ्लोरिडा और जॉर्जिया।



# चीन ने बढ़ाई जापान की चिंता, कहा- प्रशांत महासागर में ड्रैगन का बढ़ता दखल बन रहा रणनीतिक चुनौती

**टोक्यो, एजेंसी।** प्रशांत महासागर समेत अपने दक्षिण पश्चिमी तटों पर बढ़ती चीन की सैन्य गतिविधियों ने जापान की चिंता बढ़ा दी है। बीजिंग के लगातार बढ़ रहे दखल को जापान ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती बताया है। जापानी रक्षा मंत्रालय ने कैबिनेट को सौंपी 534 पन्ने की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि रूस के साथ बढ़ता चीन का संयुक्त अभियान, ताइवान के आसपास बढ़ता तनाव और उत्तर कोरिया से आने वाले खतरे जापान के लिए गंभीर सुरक्षा चिंता पैदा कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक समाज एक नए संकट के दौर में है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। रिपोर्ट में चीन-अमेरिका के बीच बढ़ रहे संघर्ष को लेकर भी चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षा खतरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में केंद्रित हैं। भविष्य में यह और भी बदतर हो सकते हैं। जापान ने रिपोर्ट में कहा है कि प्रशांत क्षेत्र में चीनी युद्धपोतों की प्रगति लगातार बढ़ी है। पिछले तीन वर्षों में दक्षिण-पश्चिमी जापान से गुजरने वाले उनके जहाजों में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। इसमें ताइवान और उसके पड़ोसी जापानी द्वीप योनागुनी के बीच का जलक्षेत्र भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया कि प्रशांत क्षेत्र में चीन के विमानवाहक पोतों की बढ़ती तैनाती, सुदूर जलक्षेत्रों में अपनी समुद्री शक्ति को बढ़ाने की कोशिश है। लंबी दूरी की उड़ानों के लिए अधिक परिष्कृत उड़ान मार्गों और बेड़े के संगठन के जरिए चीन के लगातार बमवर्षक विमानों की तैनाती को जापान के आसपास अपनी उपस्थिति दिखाने और अपनी परिचालन क्षमता को और बढ़ाने के बीजिंग के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस जापान के आसपास सक्रिय सैन्य अभियान चला रहा है और उसने सितंबर में देश के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया था। चीन के साथ उसके बढ़ते सामरिक सहयोग ने जापान की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता पैदा कर दी है।



**जापान ने भी बढ़ाई सैन्य तैनाती :** जापान ने भी हाल के वर्षों में दक्षिण-पश्चिमी द्वीपों पर अपनी सैन्य तैनाती तेज कर दी है। लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें तैनात करने की तैयारी कर रहा है, क्योंकि उसे ताइवान में संघर्ष की चिंता है। जिसे चीन अपना क्षेत्र बताता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक हड़पने की कोशिश करेगा। ताइवान ने पिछले सप्ताह 10 दिनों का वार्षिक लाइव-फायर सैन्य अभ्यास शुरू किया। इसका उद्देश्य चीनी आक्रमण की धमकियों से बचाव करना था। यह रिपोर्ट जापान के चीन से अपने लड़ाकू विमानों को जापानी खुफिया जानकारी जुटाने वाले विमानों के असामान्य रूप से करीब उड़ाना बंद करने की मांग के कुछ दिनों बाद आई है। वहीं बीजिंग ने जापान पर जासूसी के इरादे से चीनी हवाई क्षेत्र के पास उड़ान भरने का आरोप लगाया। रिपोर्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपने सहयोगी देशों की शांति और सुरक्षा के लिए बड़ी भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई है। इसमें कहा गया कि उत्तर कोरिया जापान की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। उत्तर कोरिया द्वारा जापानी क्षेत्र में परमाणु हथियार ले जाने वाली मिसाइलों और अमेरिका की मुख्य भूमि तक पहुंचने में सक्षम ठोस ईंधन वाली आईसीबीएम का विकास किया जा रहा है।

# विराट कोहली ने रचा इतिहास, सभी फॉर्मेट में 900 रेटिंग अंक छूने वाले पहले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली टी20आई और हाल ही में टेस्ट से संन्यास लेने के बावजूद लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने बुधवार को उनके अधिकतम टी20आई रेटिंग अंक 909 अंक तक बढ़ा दिए हैं। इस तरह वह खेल के सभी प्रारूपों में ICC पुरुष क्रिकेट रैंकिंग में 900 अंकों का आंकड़ा पार करने वाले खेल इतिहास के एकमात्र बल्लेबाज बन गए हैं।

पिछले साल ICC टी20 विश्व कप के फाइनल में 76 रन की शानदार पारी खेलकर खिताब अपने नाम करने वाले कोहली ने अपनी टी20आई रेटिंग में सुधार किया। विजडन के अनुसार ICC ने उनकी सर्वकालिक टी20आई रेटिंग को 897 से बढ़ाकर 909 कर दिया है। यह ICC पुरुष टी20आई रैंकिंग में किसी बल्लेबाज द्वारा हासिल किए गए तीसरे सबसे अधिक रेटिंग अंक हैं, जो सूर्यकुमार यादव (912) और इंग्लैंड के डेविड मलान (919) के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जो रैंकिंग चार्ट में शीर्ष पर काबिज हैं।

ICC पुरुष टेस्ट रैंकिंग में विराट के सर्वोच्च रेटिंग अंक 937 हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज के लिए सर्वाधिक और कुल मिलाकर 11वें सर्वाधिक हैं। उन्होंने 2018 में इंग्लैंड दौरे के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी, जहां उन्होंने 10 पारियों में दो शतकों और तीन अर्द्धशतकों की मदद से 593 रन बनाए थे और बल्लेबाजों के लिए एक खराब श्रृंखला में भारत के लिए अकेले योद्धा रहे थे।

वनडे में विराट के रेटिंग अंक 2018 में इंग्लैंड दौरे के दौरान 909 के शिखर पर पहुंच गए थे, जहां उन्होंने तीन वनडे मैचों में 191 रन बनाए थे, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। अपनी सफलता के चरम पर विराट को एक समय ICC पुरुष टेस्ट, वनडे और टी20आई रैंकिंग में एक साथ नंबर एक बल्लेबाज का दर्जा दिया गया था।

इस नई उपलब्धि के साथ विराट ने एक और मजबूत बयान दिया है जो इस तर्क का समर्थन करता है कि वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट बल्लेबाज हो सकते हैं। विराट ने 125 मैचों और पारियों में 48.69 की औसत से 4,188 रन बनाकर टी20आई से संन्यास लिया, जिसमें एक शतक और 25 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122* है। वह इस प्रारूप के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

इस साल मई में विराट ने नए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) चक्र से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जो ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद लिया गया जहां वह 5 मैचों की नौ पारियों में 23.75 की औसत से केवल 190 रन ही बना सके, जिसमें पर्थ में एक शतक उनका उल्लेखनीय योगदान था। वह भारत के चौथे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में सेवानिवृत्त हुए और कुल मिलाकर सर्वकालिक सूची में 19वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254* है।



विराट अभी भी एकदिवसीय मैचों में सक्रिय हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 183 है। वह वनडे में अब तक के तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले और भारत के लिए दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनका आखिरी वनडे मैच मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाला अभियान था, जिसके दौरान उन्होंने पाँच मैचों में 218 रन बनाए, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ एक शतक और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक अर्धशतक शामिल था।

सभी प्रारूपों में विराट ने 52.27 की औसत से 27,599 रन बनाए हैं जिसमें 617 पारियों में 82 शतक और 143 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254* है। वह भारत के अब तक के दूसरे सबसे ज़्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले और कुल मिलाकर तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# पीवी सिंधू जापान ओपन के पहले दौर में बाहर, सात्विक-चिराग और लक्ष्य दूसरे दौर में



**तोक्यो (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को यहां जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई।

सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की।

इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरुआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया। अब उनका सामना जापान के सातवें वरीय खिलाड़ी कोडाई नाराओका से होगा।

## आईसीसी ने इंग्लैंड टीम पर लगाया भारी जुर्माना

### –दो डब्लयूटीसी अंक भी काटे गये



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड की टीम पर भारी जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही भारत के खिलाफ इस टेस्ट में मिली जीत के बाद भी इंग्लैंड की टीम के खाते में से आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) अंक भी काटे गए हैं। धीमी ओवर गति के लिए आईसीसी ने इंग्लैंड पर 10 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया है। इसके साथ-साथ टीम के खाते में से दो अंक भी काटे गए हैं, जिससे उनका जीत प्रतिशत 66.67 से नीचे आया है और टीम दूसरे से तीसरे नंबर पर फिसल गयी है। दूसरा मैच जीतकर इंग्लैंड के 66.67 फीसदी जीत अंक थे जो अब अब घटकर 60 फीसदी रह गये हैं।

आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड की टीम को धीमी ओवर गति के लिए दोषी पाया है। दो ओवर की देरी इंग्लैंड टीम को भारी पड़ी है। प्लेयर्स एंड प्लेयर्स सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में असफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इंग्लैंड ने दो ओवर तय समय में नहीं फेंके तो उन पर 10 फीसदी जुर्माना लगा है।

इंग्लैंड की टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने ये गलती स्वीकार कर ली ओर दंड भी मान लिया है। इसलिए इस मामले में आगे औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर ग्राहम लॉयड ने इंग्लैंड पर ये आरोप तय किए थे। मैच रेफरी ने इन आरोपों को सही पाया और इंग्लैंड को सजा दी गई।

# जो रूट एक सप्ताह बाद फिर टेस्ट रैंकिंग में नं. 1 बल्लेबाज बने, बुमराह शीर्ष पर कायम

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने इसे खोने के एक सप्ताह के भीतर ही शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा बुधवार को जारी नवीनतम सूची में 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में रूट ने 104 और 40 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रनों से जीता था। इस पारी की बदौलत रूट ने आठवीं बार शीर्ष स्थान हासिल किया है।

रूट 34 साल की उम्र में दिसंबर 2014 में कुमार संगकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज हैं। संगकारा तब 37 साल के थे। रूट ने अपना शीर्ष स्थान हमवतन हैरी ब्रूक से गंवा दिया था, जो केन विलियमसन के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उप-कप्तान ऋषभ पंत एक-एक पायदान नीचे खिसककर क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर हैं जबकि कप्तान शुभमन गिल भी तीन पायदान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं।



लॉर्ड्स में 72 रनों की पारी और नाबाद 61 रनों की आक्रामक पारी के बाद जडेजा 5 पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उसी मैच में 100 और 39 रनों की पारी खेलने वाले केएल राहुल भी 5 पायदान ऊपर चढ़कर अब जडेजा से एक पायदान पीछे 35वें स्थान पर हैं। लॉर्ड्स में 77 रन और 5 विकेट लेकर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के 'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रदर्शन ने उन्हें बल्लेबाजों में दो पायदान ऊपर चढ़कर 42वें और गेंदबाजों में एक पायदान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

**बुमराह पहले स्थान पर कायम**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने लंबी छलांग लगाई है और छह स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

बोलैंड के टेस्ट क्रिकेट में 16.53 की औसत से 62 विकेट लेने वाले और उनका औसत से सिर्फ आईसीसी हॉल ऑफ फेमर्स जॉर्ज लोहमैन और सिडनी बार्न्स ही ले पाए हैं। वे अपने चार हमवतन खिलाड़ियों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिशेल स्टार्क के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। 1958 में इंग्लैंड के छह गेंदबाजों के शीर्ष 12 में शामिल होने के बाद से इस तरह का दबदबा नहीं देखा गया है। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 58वें से 46वें स्थान पर आ गए हैं।

## डोपिंग मामले में टेनिस खिलाड़ी तारा पर चार साल का प्रतिबंध

लंदन। ब्रिटेन की महिला टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर डोपिंग मामले में चार साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। खेल पंचाट ने तारा पर ये पाबंदी लगायी है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति के बाद कहा कि तारा को प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए प्रतिबंधित किया जाना जरुरी था। इस खिलाड़ी को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था पर दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की अनुमति मिल गयी थी। वहीं इससे पहले एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण तारा पॉजिटिव हुई होगी। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी। खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में फैसला दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि तारा यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था।

## जितेश शर्मा ने 2025-26 के घरेलू सत्र से पहले विदर्भ को छोड़ा, अब इस टीम के लिए खेलेंगे

**नई दिल्ली।** विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा आगामी सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 31 वर्षीय जितेश शर्मा 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दौरान किसी भी मैच में नहीं खेले और कप्तान और पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वह करुण नायर की अगुवाई वाली विदर्भ की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा बने रहे।



बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के घनिष्ठ संबंधों ने इस कदम को आसान बनाया। क्रुणाल पांड्या इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत के दौरान उनके साथी खिलाड़ी थे। इस बदलाव से जितेश को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी के रूप में अपनी जगह पक्की करने का एक नया मौका मिल सकता है। जितेश 2015-16 में पदार्पण करने के बाद से पिछले दस सत्रों में केवल 18 प्रथम श्रेणी मैचों में ही खेल पाए हैं। उनका औसत 24.48 का है, जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे हालिया प्रथम श्रेणी मैच लगभग 18 महीने पहले खेला गया था। लाल गेंद वाले क्रिकेट में सीमित मैच खेलने के बावजूद, जितेश ने पिछले कुछ वर्षों में छोटे प्रारूपों में अपनी छाप छोड़ी है। 2023 में पंजाब किंग्स के लिए खेलने के बाद, जितेश ने उसी साल अक्टूबर में एशियाई खेलों के दौरान भारत के लिए टी20 में पदार्पण किया। उन्होंने नौ टी20 मैच खेले हैं।

# भारत की अंडर-19 और इंग्लैंड के बीच खेला गया पहला यूथ टेस्ट रहा ड्रॉ

**बेकेनहम (एजेंसी)।** हमजा शेख (112) की शतकीय और राल्फी एल्बर्ट और जैक होम की जूझारू पारियों की बदौलत इंग्लैंड की अंडर-19 टीम भारत के खिलाफ खेले गए पहले यूथ टेस्ट मैच को आखिरी दिन ड्रॉ कराने में सफल रही। 350 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड मैच के आखिरी दिन मंगलवार को दूसरी पारी में सात विकेट पर 270 रन ही बना सकी।

भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरी पारी में विहान मल्होत्रा के (63) और आरएस अम्ब्रिश के (53) रनों की बदौलत इंग्लैंड को 63 ओवर में 350 रनों का लक्ष्य दिया था। आर्ची वॉन ने इंग्लैंड के लिए 84 रन देकर छह विकेट लिए। इंग्लैंड, तीन विकेट जल्दी गंवाने के बाद हमजा शेख और बेन मेयस के बीच 119 रनों की साझेदारी हुई। मेयस 51 रन बनाकर आउट हुए। वहीं शेख 112 रनों की पारी खेलकर रनआउट हुये। जब रियू 50 रन बनाने के बाद आउट हुए तो भारत को जीत की उम्मीद जगी लेकिन अंत में राल्फी एल्बट और जैक होम ने 11.5 ओवर तक बल्लेबाजी करते हुए ड्रॉ सुनिश्चित किया।

इससे पहले भारत ने आखिरी दिन की शुरुआत 229 रनों की बढ़त और सात विकेट हाथ में के साथ की। जहां मल्होत्रा 34 और अभिज्ञान कुंडु क्रीज पर थे। मल्होत्रा को अपने अर्धशतक तक पहुंचने में केवल 15 मिनट लगे जब उन्होंने वॉन की गेंद पर कवर ड्राइव लगाते हुए चौका लगाया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह रियू की गेंद पर आउट भी हो गए। बारिश के बाद जब मैच दोबारा शुरू हुआ तो रियू ने लंच से पहले भारत के दो और विकेट झटक लिए। कुंडु 11 रनों पर ग्रीन के हाथों लपके गए और राहुल कुमार हुक के प्रयास में विकेट के पीछे जेम्स मिंटो के द्वारा लपके गए।

वॉन ने मोहम्मद इनान को पांच और हेनिन पटेल को रॉकी फ्लिंटॉफ के द्वारा कैच कराकर अपना पांचवां विकेट लिए। इससे लंच तक भारत का स्कोर 8 विकेट पर 209 रन था। इसके बाद भारतीय टीम 57.4 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। अब इंग्लैंड को जीत के लिए 350 रनों का लक्ष्य मिला।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज ए वॉन मात्र तीन रन बनाकर देवेंद्रन की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। इसके बाद जेडन डेनली ने अंम्ब्रिश को हुक करने की कोशिश की और वैभव सूर्यवंशी ने 19 रन पर बाउंड्री पर कैच पकड़ लिया। जबकि फ्लिंटॉफ ने सिंह को ड्राइव करने की कोशिश की और 11 रन पर चावड़ा ने लांग ऑन पर कैच पकड़ा। फिर भी मेयस जब सात रन पर थे तब देवेंद्रन के हाथों उन्हें जीवनदान मिला। चायकाल तक इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 83 रन था और उस समय भी लक्ष्य का पीछा जारी था।



शेख ने सिंह की गेंद पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इंग्लैंड को एक बड़ा झटका तब लगा जब दोनों बल्लेबाज विकेटकीपर छोर पर थे और भारत ने गलत स्टंप पर गेंद फेंकी, जिससे मेयस को सुरक्षित वापसी का मौका मिल गया। उन्होंने एक शानदार स्वीप शॉट लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। मेयर (51) अम्ब्रिश की गेंद कैच आउट हुए।

रियू के आने और तुरंत आक्रामक होने के बाद, दोनों टीमों के बीच हाथ मिलाने की आशंकाएं ख़त्म हो गईं। एकांश सिंह (एक) रन आउट हुए। रियू 35 गेंदों में (50) रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर आउट हुये। इसके रलफी एलबर्ट 37 और 36 गेंदे खेलकर मैच को ड्रा कराने में अहम योगदान दिया। भारत की अंडर-10 टीम ने पहली पारी में 540 रनों का विशाल स्कोर बनाया था। इंग्लैंड की टीम 439 रन ही बना सकी थी।

# स्ट्राइकर दीपिका ने पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड जीता, पुरुषों में विक्टर वेगनेज को किया गया सम्मानित



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड के विजेता का फैसला दुनियाभर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया। दीपिका ने ये गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया ये मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में ये अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से बेहतरीन तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया। दीपिका ने कहा कि, ये पुस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। नीदरलैंड जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल करना मेरे लिए सचमुच में विशेष पल था और अब ये सम्मान पाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने साथियों, कोचों, परिवार और दोस्तों का शुक्रिया अदा करती हूं जो हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते रहते हैं।

# 'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं' : लॉर्ड्स में करीबी हार के बाद केएल राहुल हुए भावुक

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड से मिली हार के बाद एक भावुक संदेश लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि 'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं'। शोएब बशीर के हाथों मोहम्मद सिराज का दुर्भाग्यपूर्ण आउट होना जिसमें गेंद पिच पर लगने के बाद वापस स्टंप्स में जा लगी, लॉर्ड्स में भारत के अडिग प्रतिरोध का अंत हो गया और रवींद्र जडेजा 22 रनों की दिल तोड़ने वाली हार के बाद मैदान पर ही रह गए। भारत मैच के अधिकांश समय इंग्लैंड पर हावी रहने के बावजूद हार गया जिसमें सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक राहुल थे, जो एक से ज्यादा मौकों पर लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराने वाले केवल दूसरे भारतीय बने।



बुधवार को इंस्टाग्राम पर राहुल ने कहा, 'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं। वे आपके जज्बे और आपके चरित्र की परीक्षा लेते हैं। और सीख आपको और मजबूत बनाती है।' मौजूदा सीरीज में केएल ने तीन मैचों और छह पारियों में 62.50 की औसत से 375 रन बनाए हैं, जिसमें 137 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर, दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वह सीरीज में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस सीरीज ने इंग्लैंड में उनके बल्लेबाजी औसत में काफी सुधार किया है, जो इसे 30 के दशक से 40 के शुरुआती दशक में ले गया है। इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैचों में उन्होंने 24 पारियों में 41.20 की औसत से 989 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 है।

मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। इंग्लैंड का स्कोर 44/2 हो गया था, लेकिन ओली पोप (104 गेंदों में 44 रन, चार चौकों की मदद से) और जो रूट (199 गेंदों में 104 रन, 10 चौकों की मदद से) के बीच 109 रनों की साझेदारी और ब्रायडन कार्स (83 गेंदों में 56 रन, छह चौकों और एक छक्के की मदद से) और जेमी स्मिथ (56 गेंदों में 51 रन, छह चौकों की मदद से) के बीच आठवें विकेट के लिए 84 रनों की जवाबी साझेदारी ने इंग्लैंड को 387 रनों तक पहुंचाया। जसप्रीत बुमराह (5/74) भारत के लिए गेंदबाजी में सबसे शानदार गेंदबाज रहे।

दूसरी पारी में भारत ने यशस्वी जायसवाल का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन करुण नायर (46 गेंदों में 26 रन, पांच चौके) और केएल राहुल के बीच 61 रन की साझेदारी और केएल (177 गेंदों में 100 रन, 13 चौके) और ऋषभ पंत (112 गेंदों में 74 रन, आठ चौके और दो छक्के) के बीच 141 रन की साझेदारी ने भारत को इंग्लैंड के स्कोर के करीब पहुंचा दिया। रवींद्र जडेजा (131 गेंदों में 72 रन, आठ चौके और एक छक्का) के शानदार अर्धशतक और निचले क्रम में नीतीश कुमार रेड्डी (30) और वाशिंगटन सुंदर (23) के योगदान ने भारत को 387 रन तक पहुंचाया जिसमें दोनों टीमों के बीच कोई अंतर नहीं था।क्रिस वोक्स (3/84) इस पारी में इंग्लैंड के शीर्ष गेंदबाज थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी में भारत ने लगातार इंग्लैंड को दबाव में रखा सिवाय रूट (96 गेंदों में 40 रन, एक चौका) और स्टोक्स (96 गेंदों में 33 रन, तीन चौके) के बीच पांचवें विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी के। सुंदर (4/22) ने खेल का रुख पलटते हुए मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया और इंग्लैंड को 192 रनों पर समेट दिया। भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया का स्कोर 82/7 हो गया। हालांकि जडेजा (181 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 61* रन) हार मानने के मूड में नहीं थे। उन्होंने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मजबूत साझेदारियां कीं जिससे इंग्लैंड दबाव में आ गया, लेकिन मोहम्मद सिराज का दुर्भाग्यपूर्ण आउट होना, जहां गेंद पिच पर पड़ने के बाद वापस स्टंप्स की ओर घूम गई, ने लाखों दिलों को आहत किया और भारत 170 रनों पर ढेर हो गया। भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है।

# भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति को लेकर सुनील छेत्री ने जताई चिंता, आईएसएल के रुकने पर दिया बयान

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री ने भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई है। हालांकि, उन्हें उसमें सुधार की उम्मीद भी दिख रही है। बता दें कि, शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग यानी ढ्ढस्रु को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने से खेल जगत चिंतित, आहत और डरा हुआ है। लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलने वाले छेत्री ने कहा कि, उन्हें देश में इस खेल के भविष्य को लेकर आशंकाएं व्यक्त करने वाले फोन कॉल और संदेशों की बाढ़ आ गई है। 40 वर्षीय दिग्गज ने एक्स पर लिखा कि, मुझे सबसे पहले ये चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन कई क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी अहम नहीं है। भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, मालिश करने वालों से ढेर सारे संदेश मिले हैं। छेत्री ने कहा कि, भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र में अभी जो अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है उससे हर कोई चिंतित, आहत और डरा हुआ है। आईएसएल ने आयोजकों और अखिर भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 2025-26 के सत्र को स्थगित कर दिया है।



# टेस्ला के मुंबई में शोरूम खोलने पर आनंद महिंद्रा ने किया स्वागत

**मुंबई ।**

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने मुंबई में टेस्ला के पहले शोरूम खोलने पर एलन मस्क और उनकी कंपनी टेस्ला का गर्मजोशी से स्वागत किया है। टेस्ला ने भारत में अपनी आधिकारिक एंट्री कर दी है और मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में पहला शोरूम खोला है। टेस्ला ने अपनी मॉडल वाय कार के दो वेरिएंट लॉन्च किए हैं, जिनकी कीमतें 60.1 लाख रुपये से 67.8 लाख रुपये के बीच हैं। हालांकि, भारत में उच्च आयात शुल्क के कारण ये कारें अन्य देशों के मुकाबले महंगी हैं। टेस्ला की शुरुआत मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में होगी, और डिलीवरी 2025 के अंतिम महीनों में शुरू होगी। आनंद महिंद्रा ने इस प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप में लिया और इसे इनोवेशन को आगे बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, भारत में आपका स्वागत है एलन मस्क और टेस्ला दुनिया के सबसे बड़े ईवी अवसरों में से एक अब और भी रोमांचक हो गया है। प्रतिस्पर्धा इनोवेशन को जन्म देती है, और आगे एक लंबा रास्ता है। चार्जिंग स्टेशन पर मुलाकात का इंतजार रहेगा। बता दें कि टेस्ला की इलेक्ट्रिक कार शुरुआत में केवल मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उपलब्ध होगी। इसकी डिलीवरी 2025 के अंतिम महीनों में दी जाएगी। मुंबई के बाद अगला शोरूम दिल्ली में खोले जाने की योजना है।



# टाटा स्टील ने यूके में किया इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस का शिलान्यास

जमशेदपुर (ईएमएस)। टाटा ग्रुप और टाटा स्टील के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने हाल ही में यूके के पोर्ट टैलबोट में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) परियोजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन तथा टाटा स्टील यूके के सीईओ राजेश नायर भी उपस्थित रहे। यह परियोजना टाटा स्टील के 1.25 बिलियन डॉलर के हरित रूपांतरण कार्यक्रम का अहम हिस्सा है, जिसमें यूके सरकार की ओर से 500 मिलियन डॉलर का महत्वपूर्ण वित्तीय सहयोग भी मिल रहा है। यह इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस यूनिट यूके में अब तक की सबसे बड़ी और अत्याधुनिक निम्न-कार्बन स्टील उत्पादन सुविधा होगी। इसका लक्ष्य 2027 के अंत तक परिचालन शुरू करना है। इस परियोजना के जरिए पोर्ट टैलबोट में कार्बन उत्सर्जन में लगभग 90 फीसदी की भारी कमी आएगी, जो प्रति वर्ष करीब 5 मिलियन टन कार्बन मोनोऑक्साइड के बराबर है। इस तरह यह पर्यावरण के संरक्षण में भी एक बड़ी पहल साबित होगी। इसके अलावा, यह नई सुविधा यूके में 5,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।




# अमेरिका में दवाइयों और कंप्यूटर चिप्स पर भारी टैरिफ लगाने की तैयारी




**- दवाइयों पर यह टैरिफ 1 अगस्त से लागू होगा**

**वाशिंगटन ।**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ऐलान किया कि वे इस महीने के अंत तक दवाइयों और कंप्यूटर चिप्स जैसे महत्वपूर्ण उत्पादों पर आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि दवाइयों पर यह टैरिफ 1 अगस्त से लागू होगा। शुरुआत में यह शुल्क कम होगा, लेकिन एक साल बाद इसे बढ़ाकर 200 प्रतिशत तक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दवा कंपनियों को अमेरिका में उत्पादन शुरू करने के लिए एक साल का समय दिया जाएगा। ट्रंप ने पिट्सबर्ग से वाशिंगटन लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम पहले कम टैक्स लगाएंगे ताकि कंपनियों को मौका मिले। एक साल बाद हम टैक्स को काफी बढ़ा देंगे। इसके साथ ही ट्रंप ने यह भी बताया कि वे सेमीकंडक्टर यानी कंप्यूटर चिप्स पर भी टैरिफ लगाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, इसके बारे में उन्होंने फिलहाल अधिक विवरण साझा नहीं किया। उनका कहना था कि चिप्स पर टैरिफ लागू करना दवाइयों की तुलना में आसान है। ट्रंप ने इससे पहले एक कैबिनेट बैठक में यह संकेत भी दिया था कि वे आने वाले हफ्तों में कॉपर (तांबा) पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं। उनकी यह नीति अमेरिकी उद्योगों को प्रोत्साहित करने और विदेशी आपूर्ति पर निर्भरता घटाने के उद्देश्य से बनाई जा रही है। ट्रंप का मानना है कि इससे अमेरिका में रोजगार बढ़ेगा और उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

# टेस्ला का मिशन है दुनिया को सस्टेनेबल एनर्जी की ओर ले जाना




**- कंपनी का उद्देश्य**

**पर्यावरण के अनुकूल, शुद्ध इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाना**

**नई दिल्ली ।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने आखिरकार भारत में अपनी औपचारिक एंट्री कर ली है। कंपनी ने मुंबई में अपना पहला शोरूम खोल दिया है और इसके साथ ही दो इलेक्ट्रिक कार मॉडल्स लॉन्च किए हैं। टेस्ला दुनिया की सबसे अग्रणी इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी है और इसका उद्देश्य पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल, शुद्ध इलेक्ट्रिक गाड़ियाँ बनाना है। यह कंपनी न तो पेट्रोल और न ही डीजल से चलने वाली कोई भी गाड़ी बनाती है। टेस्ला का मिशन है दुनिया को सस्टेनेबल एनर्जी की ओर ले जाना, और इसी कारण यह केवल बैटरी से चलने वाले वाहन बनाती है। अब तक टेस्ला की सबसे बड़ी मौजूदगी अमेरिका, चीन और यूरोप में रही है। अमेरिका टेस्ला का सबसे बड़ा बाजार है, जहां मॉडल वाय और मॉडल 3 सबसे अधिक बिकते हैं। अमेरिका में इसके प्रोडक्शन यूनिट कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट, ऑस्टिन और टेक्सास में स्थित हैं। चीन इसका दूसरा सबसे बड़ा बाजार है, जहां शंघाई स्थित गीगाफैक्ट्री से वाहनों का निर्माण और आपूर्ति होती है। यूरोप के देशों जर्मनी, नॉर्वे, नीदरलैंड्स और फ्रांस में भी टेस्ला की गाड़ियों को काफी पसंद किया जाता है। भारत में लॉन्च की गई टेस्ला की सबसे महंगी कार मॉडल एक्स प्लेड है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ है। यह कार महज 2.5 सेकंड में 0 से 96 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है और एक बार चार्ज करने पर 547 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। वहीं कंपनी की सबसे सस्ती कार मॉडल वाय आरडब्ल्यूडी है, जिसकी कीमत भारत में करीब 61 लाख बताई जा रही है। यह कार 6.6 सेकंड में 96 किमी/घंटा की स्पीड पकड़ सकती है और इसकी रेंज लगभग 455 किलोमीटर है।

# आरबीआई के नकदी उपायों से 2025 में सस्ते होंगे ऋण फिच

**– ब्याज दरों में संभावित एक फीसदी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंच पाएगा**

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी डालने और नकद-आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती जैसे कदमों से 2025 में ब्याज दरों में संभावित एक फीसदी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंच पाएगा। फिच ने बताया कि आरबीआई ने सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के जरिए 2025 में अब तक करीब 5.6 लाख करोड़ रुपये की टिकाऊ नकदी प्रणाली में डाली है, जिससे मार्च के बाद से बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी देखने को मिल रही है। इसके अलावा, आरबीआई ने सीआरआर में एक फीसदी की कटौती का निर्णय लिया है, जिससे चरणबद्ध तरीके से लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी बाजार में आएगी। सीआरआर में यह कटौती 2025 की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के तहत घोषित की गई है। यह कटौती 29 नवंबर 2025 तक चार किस्तों में पूरी होगी, जिसके बाद बैंकों को कुल सीआरआर तीन फीसदी रखना होगा। यानी बैंकों को आरबीआई के पास कम नकदी जमा करनी होगी और वे ज्यादा राशि उधार देने में सक्षम होंगे। फिच ने कहा कि आरबीआई के ये कदम उसके अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट से बदले रुख को दर्शाते हैं, जिसमें अब ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर है, वह भी बिना वित्तपोषण लागत में अत्यधिक बढ़ोतरी किए। इन उपायों से आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना है और ऋण सस्ता होने से उपभोक्ता तथा उद्योग जगत दोनों को राहत मिल सकती है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 20 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.96 रुपये पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा निर्यात एवं आयात में गिरावट के बीच रुपया आज शुरुआती कारोबार में 22 पैसे टूटकर 85.98 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी के प्रवाह ने हालांकि स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट को रोका। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.02 पर खुला। फिर 85.98 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट दिखात है। विदेशी बाजार में डॉलर के कमजोर होने और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया मंगलवार को 16 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.76 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 फीसदी की हल्की गिरावट के साथ 98.60 पर आ गया।




## ओपनएआई के चैटजीपीटी में ग्लोबल आउटेज, यूजर को ऐक्सेस करने में आ रही दिक्कत

**न्यूयार्क ।** ओपनएआई के चैटजीपीटी को बुधवार की सुबह के बड़े ग्लोबल आउटेज का सामना करना पड़ रहा है। आउटेज के चलते हजारों यूजर को चैटजीपीटी को ऐक्सेस करने में परेशान हो रहे है। साथ ही इस आउटेज का असर ओपनएआई के दूसरे टूल्स पर भी हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार इस आउटेज की शुरुआत सुबह 6 बजे के आसपास हुई और सुबह 7.10 पर भी पीक पर था। कई यूजर्स के ऑनलाइन पोस्ट्स में बताया कि वे चैटजीपीटी को बिल्कुल भी यूज नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने एपीआई कॉल्स, सोरा के रिस्पॉन्स में देरी और कोडेक्स के परफॉर्मेंस से जुड़ी परेशानियों का जिक्र किया। कुछ यूजर्स ने चैट स्क्रीन के ब्लैंक स्क्रीनशॉट्स के साथ लॉगिन वेरिफिकेशन लूप्स के स्क्रीनशॉट्स को भी शेयर किया है। यूजर्स ने कहा कि उन्हें चैट कन्वर्सेशन के बीच में रुकावट आ रही थी, जिससे उनका डेटा लॉस हो गया। रियल टाइम प्रोग्रामिंग हेल्प के लिए कोडेक्स पर निर्भर रहने वाले डिवेलपर्स और सोरा से वीडियो जेनरेट करने वाले क्रिएटिव्स ने भी सर्विस में देरी की शिकायत की है। ओपनएआई ने अपने स्टेटस पेज पर इस बड़े आउटेज को तुरंत स्वीकार किया। कंपनी ने कहा हम अभी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। चैटजीपीटी रिकॉर्ड मोड, सोरा और कोडेक्स पर बहुत ज्यादा गड़बड़ी दिख रही है। हमने पाया है कि इस आउटेज से प्रभावित सर्विसेज के लिए यूजर्स को हाई एरर रेट का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने यूजर्स को भरोसा दिया कि इस समस्या को जल्द ठीक कर लिया जाएगा।

## क्रिसकैपिटल खरीदेगी थियोब्रोमा में बहुलांश हिस्सेदारी

**- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मांगी मंजूरी**

नई दिल्ली । मुंबई स्थित लोकप्रिय बेकरी श्रृंखला थियोब्रोमा में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के लिए तीन निजी इक्विटी कंपनियों ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। इनमें इन्फिनिटी पार्टनर्स और एटराइड्स इन्वेस्टमेंट्स बीवी (दोनों क्रिसकैपिटल से संबद्ध) और एक्का इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड शामिल हैं। यह प्रस्ताव ऐसे समय पर सामने आया है जब घरेलू निजी इक्विटी फर्म क्रिसकैपिटल, थियोब्रोमा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में लगभग 90 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण की योजना बना रही है। इस डील का अनुमानित मूल्य करीब 2,410 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। क्रिसकैपिटल ने यह हिस्सेदारी थियोब्रोमा के संस्थापकों और मौजूदा निवेशक आईसीआईसीआई वेंचर से हासिल करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। डील के बाद संस्थापक कंपनी में लगभग 10 फीसदी हिस्सेदारी बरकरार रखेंगे। सीसीआई को दी गई जानकारी के अनुसार प्रस्तावित लेनदेन में ये तीनों कंपनियां सामूहिक रूप से थियोब्रोमा की कुछ इक्विटी शेयरधारिता का अधिग्रहण करेंगी। थियोब्रोमा की शुरुआत 2004 में दो बहनों ने की थी। वर्तमान में यह कंपनी भारत के 30 से अधिक शहरों में अपने बिक्री केंद्रों और ऑनलाइन माध्यमों से बेकरी, कन्फेक्शनरी और खाद्य पेय पदार्थों की बिक्री करती है।

## श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल शुल्क पर चर्चा करने अमेरिका जाएगा

**कोलंबो ।** श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने बताया कि अमेरिकी शुल्क विवाद पर चर्चा के लिए एक प्रतिनिधिमंडल 18 जुलाई को वॉशिंगटन रवाना होगा। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए 44 प्रतिशत शुल्क के जवाब में श्रीलंका ने अमेरिकी वस्तुओं पर 88 प्रतिशत शुल्क लगाया था। अब 1 अगस्त की समय सीमा से पहले श्रीलंका इस शुल्क को 30 प्रतिशत तक कम कराने की कोशिश करेगा। हेराथ ने कहा कि अमेरिका से मिले पत्र में शुल्क कटौती की संभावना जताई गई है, जिसे लेकर श्रीलंका गंभीर है। देश के परिधान उद्योग पर इस विवाद का सीधा असर पड़ा है, जिससे हजारों नौकरियां खतरे में हैं। श्रीलंका हर साल अमेरिका को लगभग 3 अरब डॉलर का निर्यात करता है, जबकि केवल 30 करोड़ डॉलर का आयात करता है। विशेषज्ञों के अनुसार शुल्क कायम रहने से श्रीलंका को बड़ा आर्थिक नुकसान होगा।

## वैश्विक वस्तु व्यापार जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में 5.3 फीसदी बढ़ा- डब्ल्यूटीओ

**- अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही के मुकाबले जनवरी-मार्च 2025 में 3.6 प्रतिशत की तेजी देखी गई**

**नई दिल्ली ।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि वर्ष 2025 की पहली तिमाही में वैश्विक वस्तु व्यापार में सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही के मुकाबले जनवरी-मार्च 2025 में व्यापार में 3.6 प्रतिशत की तेजी देखी गई। डब्ल्यूटीओ के अनुसार इस वृद्धि के पीछे अमेरिका द्वारा सीमा शुल्क बढ़ाने की आशंका के कारण आयात गतिविधियों में तेजी आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक वस्तु व्यापार में यह बढ़ोतरी डब्ल्यूटीओ के पूर्वानुमानों से अधिक मजबूत रही। हालांकि, डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्री भविष्यवाणी कर रहे हैं कि पूरे साल 2025 में वस्तु व्यापार की वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। इसकी वजह पूरी तरह भरे हुए भंडार और उच्च सीमा शुल्क के कारण आयात मांग पर पड़ने वाला दबाव बताया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर देखा जाए तो तिमाही आधार पर उत्तरी अमेरिका में आयात में सबसे ज्यादा, 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद अफ्रीका में 5.1 प्रतिशत, दक्षिण और मध्य अमेरिका तथा कैरिबियाई देशों में 3.6 प्रतिशत, पश्चिम एशिया में 3 प्रतिशत, यूरोप में 1.3 प्रतिशत और एशिया में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस आंकड़े से स्पष्ट होता है कि वैश्विक व्यापार पर अमेरिका की नीतियों का गहरा प्रभाव पड़ रहा है। सीमा शुल्क में संभावित बढ़ोतरी ने कई देशों में व्यापार गतिविधियों को प्रभावित किया है, जिससे आयात में असामान्य वृद्धि हुई है। डब्ल्यूटीओ का मानना है कि आने वाले महीनों में व्यापार की वृद्धि की गति स्थिर हो सकती है, क्योंकि व्यापारी और देश अपनी भंडारण नीतियों और शुल्क के प्रभाव को समायोजित करेंगे।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

**मुम्बई ।**




भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन वैश्विक बाजारों से` मिलेजुले संकेतों से बाजार में कुछ विशेष हलचल नहीं रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 63.57 अंकों की हल्की बढ़त के साथ 82,634.48 अंकों पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 16.25 अंकों की मामुली बढ़त के साथ ही 25,212.05 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ बंद हुए और बाकी की सभी 16 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसी तरह निफ्टी की 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ जबकि 30 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। एक कंपनी का शेयर आज बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर सबसे ज्यादा 2.25 फीसदी। वहीं एटरनल (जोमेटो) के शेयर आज सबसे ज्यादा 1.69 फीसदी टूटे।

सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज टेक महिंद्रा के शेयर 1.94 फीसदी, एसबीआई 1.81, इंफोसिस 1.57, अडाणी पोर्ट्स 0.73, आईटीसी 0.54, एशियन पेंट्स 0.38, एलएंडटी 0.31, मारुति सुजुकी 0.20, एक्सिस बैंक 0.14, टाइटन 0.06, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.06, एनटीपीसी 0.06 की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर सनफार्मा के शेयर 1.49, टाटा स्टील 1.10, टाटा मोटर्स 0.87, बजाज फाइनेंस 0.71, बीईएल 0.67, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.38, कोटक महिंद्रा बैंक 0.63, टीसीएस 0.63, पावरग्रिड 0.50, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.46, आईसीआईसीआई बैंक 0.45 फीसदी नीचे आकर बंद हुए।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई। सेंसेक्स 139 अंक की गिरावट के साथ 82,431 और निफ्टी 58 अंक की कमजोरी के साथ 25,137 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप में सपाट कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 6 अंक की मामूली गिरावट के साथ 59,605 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 14 अंक की कमजोरी के साथ 19,120 पर था। सेंसेक्स गत दिवस भी बढ़त पर बंद हुआ था। वहीं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का रुख मिला-जुला रहा। टोक्यो, हांगकांग, जकार्ता और बैंकॉक हरे निशान में थे। शंघाई और सियोल लाल निशान में थे। अमेरिका में प्रमुख सूचकांक डाउ जोंस सोमवार को 0.98 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# मस्क के ग्रोक ने की यहूदी विरोधी बातें और हिटलर की तारीफ की

## एक्स की एआई कंपनी ने आलोचना के बाद माफीनामा किया जारी

**वाशिंगटन।**

दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उनका एआई चैटबोट ग्रोक धूम मचा रहा है, लेकिन कुछ दिन पहले ग्रोक ने कुछ ऐसा कर दिया कि अब मस्क की कंपनी को माफी मांगनी पड़ रही है। बता दें ग्रोक ने कुछ यूजर्स को जवाब देते हुए जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर की तारीफ करते हुए यहूदी विरोधी बातें कहीं। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर ग्रोक की आलोचना हो रही थी।

अब कंपनी ने ग्रोक के इस कारनामे को संभालने के लिए माफी नामा जारी किया है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि ग्रोक के हालिया क्रैश के लिए मूल कोड में एक अपडेट को जिम्मेदार बताया है। ग्रोक की कंपनी एक्स एआई ने अपने बयान में कहा कि सबसे पहले हम कई लोगों द्वारा अनुभव किए गए व्यवहार के लिए क्षमा चाहते हैं। ग्रोक के साथ हारा उद्देश्य यूजर्स को उपयोगी और सही जानकारी देना है। इसकी सावधानीपूर्वक जांच करने पर हमें पता चला की गड़बड़ी का कारण एक अपडेट था। हमने इसमें सुधार कर दिया है।

मस्क की कंपनी ने बताया कि यह गलत सिस्टम अपडेट 16 घंटे तक सक्रिय रहा। जिसकी वजह से ग्रोक ने कई संवेदनशील पोस्ट की। कई पोस्ट ऐसी थीं, जिनमें कट्टरवादी विचार भी शामिल थी। मस्क की कंपनी ने अपने बयान में कहा था कि उन्होंने गलत अपडेट को हटा दिया है। इसके अलावा इस तरह की घटना दोबारा न हो इसके लिए नए सिस्टम को रिफैक्टर किया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक इस अपडेट में ग्रोक को कई तरह के निर्देश दिए गए थे, जिसमें उसे सवाल की भाषा को समझने और उसी भाषा में जवाब देने और हकीकत जैसी है..वैसी ही बताने के लिए कहा गया था। इस वजह से ऐसा हुआ।

बता दें एक्स पर एक यहूदी सरनेम वाले व्यक्ति ने टेक्सास में मारे गए अमेरिकी बच्चों का मजाक उड़ाते हुए पोस्ट किया था। इस पर ग्रोक ने लिखा- एक्टिविज्म के नाम पर नफरत का एक शानदार उदाहरण..जैसा की वे हर बार कहते हैं..हिटलर ने इसका विरोध किया होता और इसे कुचल दिया होता। एक और पोस्ट में ग्रोक ने लिखा था कि एक गोरा व्यक्ति इनोवेशन, दृढ़ता और पीसी बकवास के आगे न झुकने का प्रतीक है। बता दें मस्क शुरुआत से ही ग्रोक को एक सही और सत्य खोजी चैटबोट बताते रहे हैं। हालांकि अमेरिका में कई मीडिया संस्थानों ने इसकी पुष्टि की है कि जब ग्रोक से किसी खास मुद्दे पर पूछा जाता है तो वह एलन मस्क की सोच और उनकी पोस्ट का विश्लेषण ही बताता है।

## कोटक महिंद्रा बैंक की डिजिटल सेवाएं 17 से 21 जुलाई तक बंद!




मुंबई । अगर आपका खाता कोटक महिंद्रा बैंक में है, तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। बैंक ने मेंटनेंस कार्य के चलते अपनी कुछ डिजिटल सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रखने की घोषणा की है। 17 और 18 जुलाई की रात 12 बजे से सुबह 2 बजे तक मोबाइल और नेट बैंकिंग से एनईएफटी ट्रांजैक्शन नहीं किए जा सकेंगे। 20 और 21 जुलाई की रात 12 बजे से सुबह 2 बजे तक नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं इन ही तारीखों को रात 12 से सुबह 3 बजे तक पेमेंट गेटवे सेवा भी काम नहीं करेगी। बैंक ने ग्राहकों को सलाह दी है कि जरूरी ट्रांजैक्शन पहले ही पूरी कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। इस दौरान सावधानी बरतें और समय से पहले बैंकिंग कार्य निपटा लें।



# मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं

टीवी की दुनिया में दोबारा लौटे शरद केलकर इन दिनों अपने नए शो 'तुम से तुम तक' को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। इस बारे में शरद केलकर का क्या कहना है?

सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है

अमर उजाला डिजिटल से बातचीत के दौरान शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। शरद केलकर आगे कहते हैं, मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।

## फोन का सही इस्तेमाल कीजिए

शरद ने आलोचकों को सलाह देते हुए कहा, आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता।

## इंसान पहले नेगेटिव चीज़ों की तरफ आकर्षित होता है

शरद केलकर के अनुसार, ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है। लेकिन हमें सोचना चाहिए कि हम अपनी जिंदगी में पॉजिटिव रहना चाहते हैं या नेगेटिविटी में उलझे रहना चाहते हैं।

## कहानी सिर्फ रोमांस नहीं, सोच का टकराव भी दिखाती है

शरद यह भी बताते हैं कि शो के मेकर्स का कहना है कि 'तुम से तुम तक' सिर्फ एक लव स्टोरी नहीं है, बल्कि यह दो पीढ़ियों की सोच, समाज की मानसिकता और रिश्तों की जटिलताओं को भी सामने लाता है। उम्र के फासले पर उठ रहे सवालों को लेकर मेकर्स जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखेंगे।



# रिलेशनशिप में मिले इन अनुभवों से शादी से डरती हैं श्रुति हासन

**अभिनेत्री श्रुति हासन अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्हें शादी से बहुत डर लगता है। साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री पहले शांतनु हजारिका के साथ रिलेशनशिप में थीं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह शादी के बंधन में बंधने के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन कुछ ऐसा हुआ जिसकी वजह से उनकी शादी टूट गई।**

## वो मेरी गलती नहीं थी

श्रुति हासन हाल ही में अपने रिलेशनशिप और निजी जिंदगी के बार में बात कीं। एक्ट्रेस ने अपने पुराने ब्रेकअप के बारे में बात करते हुए कहा कि किसी कारण वश उनका पुराना रिश्ता टूट गया, जिसमें उनकी कोई गलती नहीं थी। वह एक बेमेल रिश्ता था। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें शादी से डर लगता है।

## बच्चों को अपनाऊंगी

आगे बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं मनोवैज्ञानिक स्तर पर बच्चों को अपनाऊंगी। मैं अपने जीवन में लोगों को परेशान करना और उन्हें जरूरत से ज्यादा ख्याल करना बंद कर दूंगी। एक ऐसे व्यक्ति का साथ दूंगी, जो वास्तव में इसका हकदार है। मुझे लोगों को और अपने दोस्तों को अपने जीवन में बदलते और बढ़ते देखना बहुत पसंद है। मैं यह देखना पसंद करूंगी कि ऐसा उस व्यक्ति के साथ हो जो मुझसे गहराई से जुड़ा हुआ हो।' आगे श्रुति हासन ने बताया कि वह सिंगल हैं और खुद से सबसे ज्यादा प्यार करती हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह अकेलेपन को अपनाने की कोशिश कर रही हैं और इसे वह अकेलापन कहना पसंद नहीं करतीं, क्योंकि उन्होंने देखा है कि लोग सिर्फ अकेलेपन के डर से रिश्ते चुनते हैं।

## श्रुति हासन का वर्कफ्रंट

श्रुति हासन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल दो तमिल फिल्मों में नजर आएंगी। एक फिल्म रजनीकांत की 'कुली' है, वहीं दूसरी फिल्म का नाम 'ट्रेन' है। वह प्रभास के साथ एक फिल्म सालार 2 भी कर रही हैं, इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा है।

# कार्तिक और अनन्या की फिल्म से जुड़े जैकी श्रॉफ

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे अपकमिंग फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग जारी है। ऐसे में अब इस फिल्म से जाने माने अभिनेता जैकी श्रॉफ भी जुड़ गए हैं। इसकी जानकारी कार्तिक आर्यन ने खुद अपनी एक इंस्टाग्राम पोस्ट से दी है।

कार्तिक आर्यन ने शेयर किया वीडियो

कार्तिक आर्यन ने एक वीडियो के जरिए बताया है कि उनकी फिल्म में जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर सेट से एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कार्तिक और जैकी एक गाने पर मजे कर रहे हैं। जैकी श्रॉफ ने टोपी और चश्मा लगाया है। वह दर्शकों को फ्लाइंग किस दे रहे हैं। इससे पहले फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे का पहला लुक जारी किया था। पोस्टर में नजर आ रहा था कि दोनों ने अपने हाथ में पासपोर्ट लिया हुआ था और समुद्र के किनारे एक दूसरे को किस कर रहे थे। पोस्टर से लग रहा था कि यह फिल्म रोमांटिक होने वाली है।




# सार्थक प्रतिनिधित्व पर जियोर्जिया एंड्रियानी ने की बात

हाल ही में अभिनेत्री जियोर्जिया एंड्रियानी ने सिनेमा में महिलाओं के चित्रण विशेष रूप से भारतीय फिल्मों के सदाबहार डांस नंबर्स को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा की शुरुआत की है। अपने काम के प्रति विचारशील दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली जियोर्जिया ने यह स्पष्ट किया कि नारीत्व का उत्सव मनाना और महिलाओं को केवल आकर्षण का साधन बनाना, दोनों में बुनियादी अंतर है। उनके विचारों ने यह उजागर किया कि फिल्म इंडस्ट्री किस तरह मनोरंजन और महिलाओं के प्रति सम्मानजनक प्रस्तुति के बीच संतुलन बना सकती है। डांस सीक्वेंस और सिनेमा में महिलाओं की भूमिका पर खुलकर बोलते हुए जियोर्जिया ने एक संतुलित और सूक्ष्म नजरिया पेश किया। जिसने इस मुद्दे की जटिलता को स्वीकार किया। उन्होंने बताया, एक सीन को किस सोच के साथ गढ़ा गया है और उसे कैसे जीवंत किया गया है, यही सबसे अहम होता है। जब सही तरीके से किया जाए, तो डांस नंबर्स बेहद सशक्त हो सकते हैं और महिलाओं की खूबसूरती, आत्मविश्वास और ताकत का उत्सव बन सकते हैं। मैं ऐसे प्रोजेक्ट्स की ओर आकर्षित होती हूँ जो किसी महिला के केवल शारीरिक रूप-रंग के बजाय उसकी आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास को उजागर करते हैं।

उनकी यह सोच इस बात पर ज़ोर देती है कि दर्शकों को स्क्रीन पर सिर्फ़ जो दिखता है, उससे आगे जाकर यह भी समझना ज़रूरी है कि उस रचनात्मक निर्णय के पीछे का उद्देश्य और संदेश क्या है। अभिनेत्री ने महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करते हुए कलात्मक अखंडता बनाए रखने वाली परियोजनाओं का हिस्सा बनने की अपनी प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।

उन्होंने कहा, मैं ऐसी भूमिकाएँ चुनने में विश्वास करती हूँ जो सिनेमा में कुछ सार्थक योगदान दें। जब कहानी कहने के पीछे सच्ची मंशा हो, तो मनोरंजन और सम्मान खूबसूरती से एक साथ रह सकते हैं। फिल्म इंडस्ट्री समाज की सोच को आकार देने की ताकत रखती है और मैं उस सकारात्मक बदलाव का हिस्सा बनना चाहती हूं।






# 25 जुलाई को रिलीज होगी सिद्धार्थ-जान्हवी की 'परम सुंदरी'

**सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कई रिलीज डेट टलने के बाद फिल्म को लेकर अब एक नई अपडेट सामने आई है। जिससे ये पता चलता है कि ये रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म कब रिलीज होने वाली है।**

## फिर आगे बढ़ी 'परम सुंदरी' की रिलीज

जब फिल्म का टीजर जारी किया गया था तब फिल्म की रिलीज डेट 25 जुलाई बताई गई थी। लेकिन अब तक फिल्म के आगे की कोई जानकारी सामने न आने के बाद अब फिल्म को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। राजकुमार राव की 'मालिक' के साथ 'परम सुंदरी' का टीजर दिखाया गया। इसके साथ ही ये साफ हो गया कि एक बार फिर सिद्धार्थ और जान्वही की इस रॉम-कॉम की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है।

## जुलाई नहीं अब अगस्त में आएगी 'परम सुंदरी'

'परम सुंदरी' का पहला लुक राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर की फिल्म 'मालिक' के थिएटर प्रिंट्स के साथ जारी किया गया है। इसमें फिल्म की रिलीज आगे बढ़ने की जानकारी भी सामने आई है। इस लुक में लिखा गया है कि 'परम सुंदरी' इस अगस्त में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे स्पष्ट है कि 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'परम सुंदरी' अब अगस्त में रिलीज होगी। हालांकि, अभी फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है।

## मई में जारी हुआ था फिल्म का टीजर

'परम सुंदरी' का टीजर मई में जारी किया गया था। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा को नॉर्थ के लड़के परम और जान्हवी कपूर को साउथ की लड़की सुंदरी के रूप में दिखाया गया था। साथ ही टीजर में सोनू निगम की आवाज में गाने की कुछ लाइन्स भी सुनाई देती हैं। इस टीजर को काफी पसंद किया गया था। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। टीजर में फिल्म की रिलीज डेट 25 जुलाई बताई गई थी।

## मैडॉक फिल्म ने किया 'परम सुंदरी' का निर्माण

'परम सुंदरी' का निर्माण मैडॉक फिल्म्स ने किया है। फिल्म में नॉर्थ और साउथ के लड़के-लड़की की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा ने किया है। फैंस को अब फिल्म की नई रिलीज डेट का इंतजार है।



# मीना कुमारी और मधुबाला की बायोपिक करना चाहती हैं तृप्ति

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं। बातचीत में अभिनेत्री ने यह भी बताया कि 'लैला मजनू' की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन 'बुलबुल' की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया।

**'धड़क 2' को लेकर आप कितनी उत्साहित हैं? क्या सीक्वल फिल्म में काम करने का अलग प्रेशर होता है?**

मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है।

**आपके दिल में कौन-सा रोल करने की तमन्ना है? कोई ऐसा सपना जो आप पर्दे पर जीना चाहती हों?**

ऐसे बहुत सारे रोल हैं जो मैं करना चाहती हूं। लेकिन अगर खास तौर पर कहूं तो मुझे अब एक्शन करना है। अभी तक कभी एक्शन नहीं किया और मुझे लगता है कि वो एक ऐसा जॉनर है जिसमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आप अपनी बॉडी का इस्तेमाल करते हैं, फाइट सीक्वेंस होते हैं। उस जोन में काम करना फिजिकली और मेंटली दोनों तरह से डिमांडिंग होता है।

**आज के दौर में ग्रे और निगेटिव किरदारों को खूब सराहा जाता है। क्या ऐसे रोल एक एक्टर को खुद को साबित करने का ज्यादा मौका देते हैं?**

काजोल मैम ने गुप्त में कमाल का काम किया था। अगर उस तरह का कोई रोल मिले, तो मैं जरूर करना चाहूंगी। अब वो जमाना नहीं रहा जब निगेटिव रोल्स को सिर्फ विलेन समझा जाता था। आज के दौर में अगर आप एक ग्रे या निगेटिव कैरेक्टर को गहराई और सच्चाई के साथ निभाते हैं, तो ऑडियंस उसे अलग तरह से तारीफ करते हैं।

**क्या कोई बायोपिक करने की भी ख्वाहिश है?**

बहुत, मैं बायोपिक जरूर करना चाहती हूं। मैं मीना कुमारी जी और मधुबाला जी की बहुत बड़ी फैन हूं। अगर उनकी जिंदगी पर कोई बायोपिक बन रही हो और मुझे उसमें मौका मिले, तो वो मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा होगा।

**आपने कॉलेज स्टूडेंट का रोल निभाया। क्या शूटिंग के दौरान कोई पल आपको अपने कॉलेज के दिनों की याद दिला गया?**

कई बार,जब हम क्लासरूम में शूट कर रहे थे, तो ऐसा लगता था कि सच में कॉलेज में बैठे हैं। हमें डायरी मिलती थी, हम क्लासरूम में बैठते थे और वो सारे पुराने गेम्स खेलने लगते थे जैसे नेम प्लेस, एनिमल, थिंग - जो हम बचपन में खेलते थे। उस समय कॉलेज की बहुत सी यादें ताजा हो गईं। पूरी यूनिट ने ये कोशिश की कि एक रियल कॉलेज गैंग जैसा माहौल बने, वही मस्ती, वही एनर्जी। जबकि फिल्म का टोन सीरियस है, लेकिन पर्दे के पीछे हम सब बहुत हंसी-मजाक कर रहे थे। वो मजा अलग ही था।

**'धड़क 2' जैसे विषयों की बात करें, क्या रियल लाइफ में आपने कभी किसी ऐसे अनुभव के बारे में सुना या देखा है?**

मैंने खुद ऐसा अनुभव नहीं किया, लेकिन कई किस्से सुने हैं दोस्तों से, जानने वालों से। जैसे एक बार किसी की शादी में उनके रिश्तेदार नहीं गए, सिर्फ इसलिए कि वो इंटरकास्ट मैरिज थी। उस समय शायद किसी ने ज्यादा सवाल भी नहीं उठाया। बस कहा गया अरे अलाउड नहीं होगा और बात खत्म। लेकिन अब वक्त बदल गया है। अब हम पूछते हैं क्यों अलाउड नहीं होगा? और मुझे लगता है कि ये सवाल उठाना बहुत जरूरी है। यही 'धड़क 2' जैसी फिल्मों की जरूरत भी है। क्योंकि हम सोचते हैं कि ऐसी चीजें तो अब नहीं होतीं, लेकिन हकीकत ये है कि आज भी और वो भी सिर्फ गांवों में नहीं बल्कि पढ़े-लिखे शहरों में, ये सब होता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in